संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-99 शुक्रवार, 09 फरवरी 2024, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## एसएसपी,एसपी के बाद अब 6 जिलों के एएसपी का ट्रांसफर




**रायपुर,,08 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ शासन ने करीब 25 जिलों के एसएसपी/एसपी के तबादले के बाद अब एएसपी का ट्रांसफर किया है। कुल 6 जिलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों का ट्रांसफर किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन गृह पुलिस विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव ने आदेश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, वर्ष 2019 बैच के आईपीएस निखिल अशोक कुमार रखेचा को सुकमा में अतिरिक्त पुलिस अक्षीधक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। 2020 बैच के रॉबिन्सन गुरिया को नारायणपुर, 2020 बैच के राजनाला स्मुतिक को दंतेवाड़ा एएसपी की कमान सौंपी गई है। 2020 बैच के संदीप कुमार पटेल को एसडीओपी/अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर भेजा गया है। इसके अलावा 2020 बैच के विकास कुमार को कबीरधाम और 2020 बैच के मयंक गुर्जर को मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में एएसपी बनाया गया है।

# वित्त मंत्री ने लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया

## इसमें कोयला,2 जी,कॉमनवेल्थ घोटाले का जिक्र,लिखा-यूपीए सरकार आर्थिक मैनेजमेंट में फेल रही



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024(ए)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में श्वेत पत्र पेश किया। इस पर कल (शुक्रवार को) चर्चा होगी। 59 पेज के श्वेत पत्र में 2014 से पहले और 2014 के बाद की भारतीय अर्थव्यवस्था की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा।

श्वेत पत्र में लिखा है- 2014 में कोयला घोटाले ने देश की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया था।

कोयला क्षेत्र को कॉम्पिटिशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। एजेंसियों ने जांच की और 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने 1993 से आवंटित 204 कोयला खदानों/ब्लॉकों का आवंटन रद्द कर दिया। यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। इसमें यूपीए के अनुमान के अनुसार सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कोयला घोटाले में सरकारी खजाने को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया। संसद में बजट पेश करते हुए सीतारमण ने बताया था कि एफडीआई यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया। यह 2005-2014 के दौरान आए एफडीआई से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर्स से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी (द्विपक्षीय निवेश के लिए समझौता) कर रहे हैं।

हालांकि इस पूरे घटनाक्रम के बीच संसद ने 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को मंजूरी दे दी है।

### कांग्रेस ने जारी किया ब्लैक पेपर

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल पर ब्लैक पेपर जारी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है। कांग्रेस ने इसे 10 साल, अन्याय काल नाम दिया।

खड़गे ने कहा कि भाजपा ने 10 साल में 411 विपक्षी विधायकों को अपनी तरफ मिलाया। वह डेमोक्रेसी खत्म कर रही है।

## ब्लैक पेपर में रोजगार और लोकतंत्र के मुद्दे...

**रोजगार**

खड़गे ने कहा कि देश में जो सबसे बड़ा मुद्दा है, उसे भाजपा सरकार कभी नहीं उठाती। नेहरू के जमाने के एचएएल, एचएमटी, बीएचईएल को उन्होंने कभी नहीं बताया। इसमें कितने लोगों को बेहतरीन नौकरियां मिलीं, ये कभी नहीं बताया। गांवों में रोजगार कम हो रहे हैं, क्योंकि सरकार नरेगा का पैसा रिलीज नहीं कर रही। गैर-भाजपा शासित राज्यों जैसे केरल, कर्नाटक, तेलंगाना के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

**लोकतंत्र**

खड़गे ने कहा कि मोदी कहते हैं कि अब इतने पैसे जमा हो रहे हैं, पहले क्यों नहीं होते थे, ऐसा कहकर वे अप्रत्यक्ष रूप में हैरेसमेंट और प्रेशराइज कर रहे हैं और इलेक्शन में पैसा लगा रहे हैं। ये पैसा डेमोक्रेसी को खत्म करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। भाजपा ने 10 साल में 411 विधायकों को अपनी तरफ ले लिया। मैं ये नहीं कहता कि कितने पैसे देकर खरीदा। आप लोग जानते हैं कि हमारी कितनी सरकारें चुनी हुई थीं जैसे मध्य प्रदेश, गोवा, मणिपुर, उत्तराखंड। यहां सरकारें कैसे गिरीं, आप जानते हैं। अगर वे डराकर हमें कमजोर करना चाहते हैं तो न कांग्रेस और न ही मैं इससे प्रभावित होंगे।

## प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में खड़गे को जवाब दिया



राज्यसभा से रिटायर हो रहे सदस्यों को विदाई देने पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- हमारे यहां कोई बच्चा कुछ अच्छा कर लेता है या अच्छे कपड़े पहन कर तैयार होता है, तो परिवार में कोई कहता है कि नजर लग जाएगी, इसलिए काला टीका लगा दो। इसलिए जो काला टीका लगाने का काम किया है, उसके लिए मैं खड़गे जी को धन्यवाद देता हूं।

# राजस्थान में जेसीबी पर पथराव करने वाली दो महिलाओं को अग्रिम जमानत

## राजस्थान के झुंझनू में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी पर किया था पथराव



- **एससी ने महिला व समाज के वंचित वर्ग से होने पर दी राहत**
- **अगस्त 2023 में पीठ ने सुनवाई की पहली तारीख में दोनों को गिरफ्तारी से दी थी अंतरिम राहत**

**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के झुंझनू में अतिक्रमण हटाने के दौरान जेसीबी पर पथराव करने व सरकारी अधिकारियों के काम में बाधा डालने वाली दो महिलाओं को अग्रिम जमानत दे दी। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हम दोनों अपीलकर्ताओं के महिलाएं होने व समाज के वंचित वर्ग से आने के कारण उनके पक्ष में अपने विवेक का प्रयोग करने के लिए तैयार हैं।

### पीठ ने क्या कहा?

इससे पहले अगस्त 2023 में पीठ ने सुनवाई की पहली तारीख में दोनों को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी। पीठ ने राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश को रद करते हुए दोनों को एक सप्ताह के भीतर जांच अधिकारियों के समक्ष पेश होने का आदेश दिया। पीठ ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी की स्थिति में जांच अधिकारी की संतुष्टि के लिए दोनों को पांच-पांच हजार रुपये के निजी बांड व इतनी ही राशि के दो जमानती देने पर जमानत पर रिहा किया जाएगा।

### झुंझनू में दर्ज हुआ था दोनों के खिलाफ मामला

इससे पहले, राजस्थान हाई कोर्ट व सेशन कोर्ट ने दोनों महिलाओं को अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया था। मामले में राजस्थान के झुंझनू के खेत्री थाने में दोनों के खिलाफ आइपीसी की विभिन्न धाराओं व सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# जेलों में बंद महिलाएं हो रही गर्भवती

### हाईकोर्ट को दी गई जानकारी, अफसरों के उड़े होश



**कोलकाता,08 फरवरी 2024(ए)।** कलकत्ता हाईकोर्ट के सामने को हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। अदालत को जानकारी दी गई है कि सजा काटने के दौरान पश्चिम बंगाल की जेलों में बंद महिलाएं गर्भवती हो रही हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और जस्टिस सुप्रतिम भट्टाचार्य की बेंच के सामने जानकारी पेश की गई है। साथ ही मांग की गई है कि सुधारगृह में महिला कैदियों के पास पुरुष कर्मचारियों का जाना बंद कराया जाए। इस मामले में सोमवार को सुनवाई हो सकती है।

एमिकस क्यूरी ने अदालत को जानकारी दी, 'कैदी सजा के दौरान गर्भवती हो रही हैं। कम से 196 बच्चों का जन्म जेलों में हुआ है।' उन्होंने कहा, 'दिलचस्प बात यह है कि कस्टडी में रहने के दौरान कैदी गर्भवती हो रही हैं। बाद में बच्चे जेलों में पैदा हो रहे हैं।' उन्होंने बताया कि फिलहाल 196 बच्चे पश्चिम बंगाल की अलग-अलग जेलों में रह रहे हैं।

उन्होंने कोर्ट को बताया कि वह हाल ही में पुलिस अधिकारी के साथ एक सुधारगृह पहुंच थे। उन्होंने कहा, 'मैंने पाया कि एक महिला गर्भवती है और कम से कम 15 अन्य महिलाएं बच्चों के साथ रह रही हैं। उनका जन्म जेल में ही हुआ था।' अदालत की तरफ से इस मामले को गंभीर बताया गया है। एक वरिष्ठ ढ्ढक्र अधिकारी ने जानकारी दी है कि अगर 6 साल की उम्र से कम की महिला को गिरफ्तार किया जाता है, तो बच्चे को मां के साथ रहने की अनुमति दी जाती है।

उन्होंने कहा, 6 साल से कम उम्र के बच्चे को जेल में उनकी मां के साथ रहने की अनुमति दी जाती है, लेकिन इस बात की मुझे कोई जानकारी नहीं है कि महिला जेलों में गर्भवती हो रही हैं। इसक संभावनाएं नहीं हैं। अगर यह मेरी जानकारी में आता है, तो मैं निश्चित रूप से इसकी जांच करूंगी।'

सूत्रों ने जानकारी दी है कि 1 जनवरी 2024 के आंकड़े बताते हैं कि पश्चिम बंगाल की 60 जेलों में करीब 26 हजार महिला कैदी रह रही हैं। जनवरी में 1265 अंडरट्रायल थीं और 448 दोषी साबित हो चुकी हैं। जबकि, 174 उम्रकैद की सजा काट रही हैं।

## अब भारत-म्यांमार सीमा पर नहीं होगी फ्री आवाजाही



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024 (ए)।** गृह मंत्रालय ने देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और म्यांमार सीमा से लगे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जनसांख्यिकीय संरचना को कायम रखने के उद्देश्य से म्यांमार के साथ खुली आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरूवार को यहां सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने इस पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प देश की सीमाओं को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और म्यांमार सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जनसांख्यिकीय संरचना को कायम रखने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया। अमित शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस व्यवस्था को तत्काल रद्द करने की सिफारिश की है और विदेश मंत्रालय इस व्यवस्था को खत्म करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी रिजर्वेशन रिव्यू पर फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024(ए)।** राज्यों को एससी-एसटी कोटा रिजर्वेशन के क्लासिफिकेशन का अधिकार है या नहीं, इस पर गुरुवार (8 फरवरी) को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि ऐसा करके राज्य सरकारें तुष्टिकरण को बढ़ावा देंगी।सुप्रीम कोर्ट एससी-एसटी में कोटा को लेकर दिए गए 2004 के अपने ही फैसले की समीक्षा कर रही थी।

## मोदी ओबीसी नहीं हैं? प्रधानमंत्री की जाति पर राहुल गांधी के फैलाये झूठ का असल सच



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024(ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आखिर किस जाति से ताल्लुक रखते हैं? यह चर्चा उस वक्त छिड़ गई जब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड सांसद राहुल गांधी ने दावा किया कि पीएम मोदी का जन्म ओबीसी से ताल्लुक रखने वाले परिवार में नहीं हुआ था। हालांकि, भाजपा ने राहुल गांधी के दावे को झूठा करार दिया।

### राहुल गांधी ने क्या कुछ कहा?

राहुल गांधी ने ओडिशा में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में दावा किया था कि पीएम मोदी ओबीसी पैदा नहीं हुए थे। आपको लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा था।

### राहुल गांधी का दावा झूठा

कांग्रेस नेता के इस दावे के साथ ही देश में बहस छिड़ गई। भाजपा ने राजपत्र अधिसूचना की प्रति साझा कर राहुल गांधी के दावे को झूठा करार दिया। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि पीएम की जाति को उनके गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से पूरे दो साल पहले, 27 अक्टूबर, 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था।

उन्होंने आगे कहा कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राहुल गांधी तक पूरा नेहरू-गांधी परिवार ओबीसी के खिलाफ रहा है।

### असल सच्चाई

भारत सरकार की 27 अक्टूबर, 1999 के मुताबिक, ओबीसी के अंतर्गत आने वाली नई जातियों का जिक्र किया गया था। इस अधिसूचना में नई प्रविष्टि में घांची (मुस्लिम), तेली, मोध घांची और माली का नाम था।

### राहुल गांधी पर बरसे धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हर बार की तरह राहुल गांधी का एक और झूठ उजागर हो गया। या तो राहुल गांधी सच में नासमझ हैं या फिर उन्हें लगता है कि बार-बार झूठ बोलने से झूठ को ही सच मान लिया जाता है।

## प्रतिबंध के बाद भी क्यों बिखरा हर तरफ प्लास्टिक कचरा?



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024 (ए)।** देश में प्लास्टिक के कचरे के निपटारे और निगरानी को लेकर एक संसदीय समिति ने केंद्र और राज्य की एजेंसियों के निरुत्साहपूर्ण रवैये की जमकर खिंचाई की है। 22 सदस्यीय लोकलेखा समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को अभी तक अमल में नहीं लाया जा सका है क्योंकि देश के शहरी और ग्रामीण इलाकों में अभी भी प्लास्टिक हर तरफ बिखरा नजर आता है।

### अधीर रंजन चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति ने क्या कहा?

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी की अध्यक्षता वाली समिति ने गुरुवार को जारी अपनी रिपोर्ट में यह टिप्पणी की है, जिसका ऑडिट दिल्ली, पंजाब और सिक्किम में बेअसर नजर आती है। 2015-20 के बीच लागू प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियमों को अभी तक लागू नहीं किया जा सका है। इस समिति ने पर्यावरण मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या समितियों और प्रमुख मेट्रो शहरों के शहरी विकास विभागों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई है।

## ब्रेकअप हुआ तो लड़की मांग सकती है भत्ता

### सरकार के इस बिल में अहम प्रावधान



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024 (ए)।** प्यार और मोहब्बत के बाद लिव इन में रहने वाले ध्यान दें क्योंकि अब लड़की लिव इन में ब्रेकअप के बाद मेंटेनेंस मांग सकती है। यह अहम प्रावधान उस समान नागरिक संहिता (यूसीसी) में किया गया है जोकि कल उत्तराखंड विधानसभा में पारित हुआ। अगर कपल में से कोई एक शादीशुदा हो या दोनों में से कोई एक नाबालिग हो और वे लिव इन रजिस्ट्रेशन करवाना चाहते हैं तो ऐसा नहीं होगा। इस संहिता में पार्टीज टू मैरेज यानी किन-किन के मध्य विवाह हो सकता है, इसे स्पष्ट रूप से बताया गया है। विवाह एक पुरुष और एक महिला के बीच ही संपन्न हो सकता है। इस संहिता में पति अथवा पत्नी के जीवित होने की स्थिति में दूसरे विवाह को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर तमाम संगठनों की तरफ से अपनी राय दी जा रही है। मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल पेश किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि शरीयत के खिलाफ कोई भी कानून मानने के लिए मुसलमान मजबूर नही, इस तरह एकतरफा कानून बनाकर लागू करना संविधान विरुद्ध है, लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देना या उस पर कानून बना देना ही भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है।

# उत्तराखंड के हल्द्वानी में मचा भारी बवाल

## देहरादून में सीएम धामी ने बुलाई बैठक,शहरभर में लगा कर्फ्यू,देखते ही गोली मारने का आदेश



**हल्द्वानी,08 फरवरी 2024 (ए)।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में गुरुवार को बवाल हो गया। मलिक के बगीचे में अवैध कब्जे तोड़ने गई नगर निगम और पुलिस की टीम पर स्थानीय लोगों ने पथराव किया। इस दौरान 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इस घटनाक्रम के बाद शहरभर में तनावपूर्ण माहौल हो गया। वहीं, लोगों ने कई वाहनों में आग भी लगा दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून अपने सीएम आवास पर बैठक बुलाई है। वहीं, नैनीताल डीएम ने शहर में कर्फ्यू लगा दिया है। दंगाइयों को देखते ही गोली मरने के आदेश दिए गए है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी के बनभूलपुरा में अवैध निर्माण को हटाये जाने के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों व कार्मिकों पर हुए हमले और क्षेत्र में अशांति फैलाने की घटना को गंभीरता से लिया है। सीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में शांति व कानून व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के सख्त निर्देश भी दिये है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में गुरुवार की शाम मुख्यमंत्री आवास में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार और अन्य उच्चाधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों से शांति बनाये रखने की अपील करते हुए अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये है। सीएम ने कहा कि इस घटना के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि प्रदेश में किसी को भी कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने की छूट नहीं दी जानी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी निरंतर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रयासरत रहे।वहीं, कुमाऊं मंडल के तमाम अधिकारी वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने सीएम को अवगत कराया गया कि अशांति वाले क्षेत्र बनभूलपुरा में कर्फ्यू लगाया गया है।

## संपादकीय

### कुचलना ही होगा पाक-चीन के लिए जासूसी करने वालों को

एक बार फिर से पाकिस्तान को भारत की रक्षा संबंधी तैयारियों की खबर देने वाले धूर्त शख्स की गिरफ्तारी से साफ है कि अब भी देश में आस्तीन के सांप हैं। उन्हें सख्ती से पूरी तरह से कुचलना ही होगा। चंद सिक्कों की खातिर अपने देश को बेचना उसी तरह से है, जैसे कोई राक्षस प्रवृति का शख्स कुछ पैसों के लालच में अपनी मां के खून का सौदा कर लें।

यूपी एटीएस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। एटीएस की टीम ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले एक भारतीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी सतेंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय के मल्टी टास्किंग स्टाफ में काम करता था। वर्तमान में वह मास्को स्थित भारतीय दूतावास में कार्यरत था। सतेंद्र हापुड़ का रहने वाला है। यूपी एटीएस से पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।अच्छी-खासी पगार पाने वाला एक सरकारी कर्मी का जमीर इस कद्र गिर जाएगा कि वह कुछ अतिरिक्त धन के लालच में देश के साथ गद्दारी करेगा, यह सोचना भी आसान नहीं होता।

सतेंद्र जैसे देश के दुश्मनों को सीधे मौत की सजा मिलनी चाहिए। अगर उन्हें हल्की सजा मिलेगी तो वह उन शहीदों का अपमान होगा जिन्होंने देश की खातिर अपनी जान का नजराना दिया। सतेंद्र जैसे लोगों को दुश्मन से दोस्ती करते हुए यह ख्याल क्यों नहीं आता कि पाकिस्तान ने भारत पर बार-बार हमला किया है। हालांकि, उसे हर बार कसकर मार पड़ी। जब वह सीधे हमले में शिकस्त खाता रहा तो उसने 2001 में मुंबई में ख़ुफ़िया ढंग से आतंकी हमला करवाया। वह भारत के खिलाफ लगातार कठमुल्लों को खाद-पानी देता रहा।

आपको गद्दार महिला जासूस माधुरी गुप्ता की कहानी का तो पता ही होगा। माधुरी गुप्ता भारतीय विदेश सेवा की ग्रूप की अफसर थी। अपनी लगभग ढाई दशक लम्बी सेवा में माधुरी गुप्ता ने पाकिस्तान इराक,लाइबेरिया, मलेशिया और क्रोएशिया में नौकरी की। उसकी उर्दू पर अच्छी पकड़ थी। सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में पोस्टिंग के दौरान माधुरी गुप्ता को उर्दू की सही सी जानकारी होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया पर नजर रखने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद नाम के व्यक्ति के चंगुल में फंस गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गयी है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गयी। परिणामस्वरूप, ख़ुफ़िया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। उसे भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने स्वदेश वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरी भारतीय खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया और पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले गये। पूछताछ से पता लगा कि वह आईएसआई के दो जासूसों से सांठगाँठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करतीहै। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 21 महीने जेल में रहने के बाद 7 जनवरी 2012 को उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को 3 वर्षो की सजा सुनाई। मुझे लगता है कि माधुरी जैसे गद्दारों को और अधिक और कड़ी सजा दी जानी चाहिए थी। उसे उसकी करतूत के लिए बहुत कम सजा मिली। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूँ कि देश के गद्दारों की एक ही सजा हो सजाये मौत पाकिस्तान की तरफ से उसके राजधानी दिल्ली स्थित उच्चायोग से भी जासूसी की जाती थी। भारत सरकार ने 1950 के दशक में चाणक्यपुरी में विभिन्न देशों को भू-भाग आवंटित किये थे। पाकिस्तान को भी इस आशा के साथ बेहतरीन जगह पर अन्य देशों की अपेक्षा बड़ा प्लाट दिया गया था कि वह भारत से अपने संबंधों को मधुर बनाएगा। पर पाकिस्तान ने भारत को निराश ही किया। वह अपनी करतूतों से न बाज आया न ही सुधरा । उसके गर्भनाल में भारत के खिलाफ नफरत भरी हुई है। भारत से नफरत करना पाकिस्तान के डीएनए में है। वह भारत का सिर्फ बुरा ही चाहता है।

# दिल्ली में दो सरकारों के बीच की लड़ाई

**दिल्ली** में सरकार की अनोखी व्यवस्था है। राजधानी दिल्ली में दो सरकारें हैं। एक दिल्ली के लोगों की चुनी हुई सरकार, जो विधानसभा के प्रति जिम्मेदार है और जिसके मुखिया अरविंद केजरीवाल हैं तो दूसरी केंद्र की सरकार, जो संसद के प्रति जिम्मेदार है और दिल्ली में जिसके मुखिया उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना हैं। केंद्र ने एक कानून बनाया है, जिसका नाम जीएनसीटीडी एक्ट यानी गवर्नमेंट ऑफ नेशनल टेरेटरी दिल्ली एक्ट है और इसके मुताबिक उप राज्यपाल ही असली सरकार हैं। केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी राज्य में विपक्ष में है और राज्य में सत्तारूढ़ दल केंद्र में विपक्ष में है। इससे दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था और भी अनोखी हो गई है। जो सरकार में है वह विपक्ष में भी है और जो विपक्ष में है वह सरकार में भी है। इसलिए दोनों अपने को दिल्ली का मालिक मानते हैं और दिल्ली की सत्ता के लिए लड़ते रहते हैं। दोनों के बारे में एक और अनोखी बात यह है कि दोनों प्रचार की राजनीति और लड़ाई में माहिर हैं। इसका नतीजा यह है कि दिल्ली में सब कुछ ठप्प पड़ा हुआ है।

दोनों पार्टियों के झगड़े से दिल्ली और समूचे एनसीआर के लोगों को किस तरह की मुश्किलें हैं, इसका एक नमूना दो फरवरी को देखने को मिला, जिस दिन दोनों पार्टियों ने अलग अलग मुद्दों पर प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में जनादेश चुरा लिया। उसने 20 वोट होने के बावजूद आप और कांग्रेस के आठ वोट अवैध कर दिए और अपने 16 वोट के आधार पर मेयर का चुनाव जीत गई। इसे लेकर आप ने दिल्ली में प्रदर्शन किया तो दूसरी ओर भाजपा ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि वे गिरफ्तारी के डर से शराब घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं।

इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे थे और आप ने पंजाब, हरियाणा हर जगह से लोग बुलाए थे। दूसरी ओर भाजपा ने भी दिल्ली के साथ साथ पूरे एनसीआर से लोगों को जुटाया। नतीजा




यह हुआ है कि दिल्ली की कई सीमाओं पर बैरिकेडिंग हुई और दिल्ली के अंदर कई सड़कें बंद रहीं। कामकाजी दिन में पूरे दिन सड़कों पर भीषण जाम लगा रहा और लोग संघर्ष करते रहे। दोनों की लड़ाई का यह एक छोटा नमूना है।

अभी एक नया मामला दिल्ली के अस्पतालों का सामने आया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का दावा है कि उनकी सरकार कुल बजट का 14 फीसदी के करीब हिस्सा स्वास्थ्य पर खर्च करती है, जबकि भारत सरकार का खर्च दो फीसदी के करीब है। दिल्ली सरकार का दावा है कि उसने दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा सुधार कर दिया है। दूसरी ओर उप राज्यपाल ने तीन फरवरी को मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिख कर मीडिया रिपोर्ट के हवाले दिल्ली के अस्पतालों की दयनीय स्थिति के बारे में सवाल पूछे हैं। दिलचस्प बात यह है कि केजरीवाल ने अस्पतालों की दयनीय स्थिति के आरोपों को खारिज नहीं किया है, बल्कि कहा है कि दिल्ली के वित्त व स्वास्थ्य सचिवों के कारण ऐसा है। उनका कहना है कि अगर इन दो सचिवों को हटा दिया जाए तो स्थिति सुधार जाएगी। सोचें, क्या सही है? विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं का दावा या सचिवों की वजह से अस्पतालों की दयनीय दशा?

हकीकत यह है कि दिल्ली के अस्पताल बद से बदतर हो गए हैं। केजरीवाल भले जो भी दावा करें लेकिन दिल्ली के लोग भी इलाज के लिए दिल्ली के अस्पतालों को प्राथमिकता नहीं देते हैं। वे केंद्र सरकार के अस्पतालों जैसे एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया, लेडी हार्डिंग जैसे अस्पतालों में जाना चाहते हैं। दिल्ली के अस्पताल उनकी मजबूरी हैं। विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने के दावे की हकीकत यह है कि ज्यादातर अस्पतालों में मरीजों के जांच की सुविधा नहीं है और आए दिन खबर आ रही है कि मरीज भटकते रहे और अस्पताल ने भर्ती नहीं किया, जिससे मरीज की जान चली गई। दो जनवरी को दिल्ली पुलिस एक घायल को लेकर भटकती रही थी। दिल्ली के तीन अस्पतालों- जग प्रवेश चंद, जीटीबी और एलएनजेपी में इलाज की बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलीं और आठ घंटे भटकने के बाद घायल को राम मनोहर लोहिया ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। यह एक प्रतिनिधि घटना है। ऐसी घटनाएं आए दिन हो रही हैं। ऊपर से आरोप है कि दिल्ली सरकार की मुफ्त जांच योजना के तहत भारी घोटाला हुआ है। मोहल्ला क्लीनिक से लेकर दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डॉक्टरों की हाजिरी अपने आप बनती रही, फर्जी मरीजों का इलाज चलता रहा और उनकी फर्जी जांच निजी लैब्स में होती रही। सैकड़ों करोड़ रुपए के इस घोटाले की जांच के आदेश दिए गए हैं। दिल्ली सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने की फरिश्ते योजना शुरू की थी वह बंद है क्योंकि सरकार का दावा है कि उप राज्यपाल ने राशि की मंजूरी रोक रखी है। चाहे दिल्ली सरकार की अकर्मण्यता की वजह से स्वास्थ्य सेवाएं बिगड़ी हों या सचिवों के कारण और उप राज्यपाल के फंड रोकने के कारण बिगड़ी हों लेकिन हकीकत यह है कि दिल्ली के लोगों को विश्वस्तरीय तो छोड़िए सामान्य स्वास्थ्य सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं।

स्वास्थ्य के अलावा दिल्ली सरकार का दूसरा दावा विश्वस्तरीय शिक्षा व्यवस्था का है। इसकी अलग कहानी है। दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेज ऐसे हैं, जिनको फंड दिल्ली सरकार देती है। शिक्षा के लिए कथित तौर पर प्रतिबद्ध दिल्ली सरकार ने इन कॉलेजों का फंड रोक दिया है। दिल्ली सरकार चाहती है कि उसे इन कॉलेजों के प्रशासन का पूरा अधिकार मिले या इन कॉलेजों को दिल्ली विश्वविद्यालय से निकाल कर राज्य सरकार के विश्वविद्यालय के अधीन कर दिया जाए तो राज्य सरकार फंड देगी। क्या इसे शिक्षा के लिए प्रतिबद्धता कहेंगे या कॉलेजों का प्रशासन और भरती-तबादले का अधिकार अपने हाथ में लेने की बेचैनी कहेंगे? उप राज्यपाल और मुख्यमंत्री के झगड़े में इन कॉलेजों के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और छात्रों की क्या स्थिति है वह समझा जा सकता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के किराड़ी में चार जनवरी को एक साथ चार स्कूलों का शिलान्यास किया। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कुछ स्कूलों की इमारतें बनी हैं और कुछ स्कूलों में नए क्लासरूम जोड़े गए हैं। लेकिन क्या क्लासरूम जोड़ने और इमारत बनाने से दिल्ली की शिक्षा विश्वस्तरीय हो गई है? उससे तो ठेकेदारों, नेताओं, अधिकारियों को फायदा होता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए नियुक्तियां कहां हुई हैं? हकीकत यह है कि पिछले साल 15 हजार अतिथि शिक्षकों को नियमित करने का बिल आया लेकिन उसके बाद फाइल ही खो गई। इस तरह की रिपोर्ट है कि परीक्षाओं में व्यवस्थित तरीके से छात्रों की मदद करके नतीजे बेहतर किए जा रहे हैं। इसके बावजूद मेडिकल में दाखिले से लेकर इंजीनियरिंग में दाखिले और प्रशासनिक सेवाओं तक में झंडे गाड़ रहे हैं तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के छात्र! दिल्ली के स्कूलों की पढ़ाई औसत से बेहतर नहीं हुई है। और यह स्थिति तब है, जब सरकार बजट का 26-27 फीसदी शिक्षा पर खर्च कर रही है।

दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था सीधे केंद्र सरकार के अधीन है। दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करती है। लेकिन राजधानी होने के बावजूद कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब है। दिसंबर 2023 में नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी ने आंकड़े जारी करके बताया कि 2021 के मुकाबले 2022 में दिल्ली में अपराध में 3.3 फीसदी की बढ़ोतरी हो गई। दिल्ली में तीन लाख आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं और साइबर क्राइम में सौ फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। यानी साइबर क्राइम दोगुने हो गए हैं। साफ-सफाई दिल्ली सरकार और नगर निगम की जिम्मेदारी है लेकिन पिछली बरसात में जैसे दिल्ली डूबी उससे इसकी भी पोल खुल गई। सो, कुल मिला कर न सुरक्षा की व्यवस्था विश्वस्तरीय है और न शिक्षा, स्वास्थ्य व साफ-सफाई की। सिर्फ प्रचार और विज्ञापन विश्वस्तरीय हैं और झगड़े भी विश्वस्तरीय हैं। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। दिल्ली वाली सरकार का आरोप है कि उसके विधायक खरीद कर सरकार गिराने की कोशिश हो रही है तो केंद्र वाली सरकार एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोप लगा रही है और मामले सीबीआई को सौंपते जा रही है। नेताओं के साथ साथ अधिकारी भी इस झगड़े में एक पक्ष हैं और राजधानी में रहने वाले तमाशबीन बने हैं।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# हरदा हादसा :अब जो होगा,वह भी लोगों को पता है

**मध्यप्रदेश** के हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गई, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा जा ही रहे हैं... ऐसा ही कुछ निर्णय लेकर अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखा सकते हैं!

हरदा की आग में जिन निर्दोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।

वहां के कलेक्टर के आदेश का तत्कालीन (अब इंदौर) संभागायुक्त माल सिंह भायड़िया द्वारा भी शत-प्रतिशत पालन के निर्देश दिए गए होते तो फैक्ट्री बंद रहती, ऐसा नहीं हुआ तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं!

मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निर्दोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही विस्फोट में हो चुकी है। इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं... लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए! अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है... गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर,



भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।

कलेक्टर, एसपी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही... सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उइके..इन जन प्रतिनिधियों या इनके पट्ठों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था?ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व मुख्यमंत्री के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा-बैतूल के जन प्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है। सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं-अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए।हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायड़िया से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया?विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारुद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने दिखाने के बजाय मैत्री-भाव दर्शाता रहा और जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही।हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील-पोल नहीं चलेगी।

**-कीर्ति राणा-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## अखबार

आओ दिखाएं आपको आजकल के रंग ,
जानें आजकल के हालात
बदल गया अखबार पढ़ने का ढंग ,
देखो इंटरनेट की खुरापात
वो बेचारे सहमे सहमे अखबार के पन्ने,
जिनके जहाज बनाते थे नन्हे मुन्ने
अक्सर पढ़कर फेंक दिया जाता है जिन्हें ,
छोड़ दिया जाता जिनको सड़ने।
यही सच है यही सच है,
यही है आजकल के हालात
सबकुछ बदलकर रख दिया इस इंटरनेट ने,
देखो तुम भी इसकी खुरापात
कम कर दी है लगवाना,
अब लोगों ने अखबार
आजकल सुबह उठते ही लोग,
खोलते मोबाइल पर इ-अखबार
बेचारे असली अखबार के पन्ने,
दुकानों पर पड़े रहते यूं ही
कभी चाय की प्याली ऊपर तो कभी प्लेट मिठाई की,
दिखते है सिमटे सिमटे रह जाते है सहमे सहमे सहमे
देता जो सारी दुनिया की खबर,जिसको पढ़ने जाता था
आदमी कभी इधर तो कभी उधर।
वो अखबार जो बिकता था कभी चार आन्ने ,
सहमे सहमे से रह गए हैं अब वो अखबार के पन्ने
जिसकी सरकार उसी का गुणगान,
बढ़ाओ ज्यादातर उन्ही का मान सम्मान
ये कैसे कैसे खींच लेते हैं,
देखो अपनी तरफ ये सबका ध्यान।
कहा गई वो आलोचनाएं,
कहा को गई वो सटीक टिपण्णी
पैसे देकर न्यूज लगवालो,
उनको तो है अपनी टी आर पी देखनी
ऐसे हो गए है आजकल के हालात,
ऐसे हो गए हैं आजकल अखबार के पन्ने
पढ़ने वाले इनको रह गए है अब कम,
बेचारे रह गए है अब सहमे सहमे



**लेफ्टिनेंट(डा 0)**
**जय महलवाल**
बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## दिमागी चिप!

**लगता** है इसी सदी में जहां जलवायु परिवर्तन पृथ्वी को खाएगा वही विज्ञान नए मानव रचेगा! नई मानव रचना में खोजी, मौलिक और क्रिएटिव पश्चिमी बुद्धि इन दिनों गजब ऊंचाइयों पर है। प्रमाण गुजरे सप्ताह की तीन खबरें हैं। एक, अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने बताया कि मनुष्य खोपड़ी में न्यूरालिंक चिप इम्प्लांट हुआ है और शुरुआती नतीजे आशाजनक हैं। दो, अमेरिका में पहली बार जीन थेरेपी तकनीक के इलाज से 11 साल के बहरे बच्चे ऐसाम ने जीवन में पहली बार अपने पिता की आवाज सुनी। तीन, जीन तकनीक से मानव प्राइमेट्स याकि बंदर का चीन में क्लोन बना है। यह नर रीसेस बंदर स्वस्थ और खुश है। वह दो साल का हो गया है। इन तीन खबरों के साथ दिन दुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मनुष्य दिमाग की जगह जैसे ले रही है और नई क्षमताओं के रोबो की जो दुनिया बन रही है, उसकी वास्तविकताओं में बूझें तो अनुमान लगेगा, सदी के बाकी सालों में इंसानों की दुनिया बदली हुई होगी।

दिमाग में चिप भविष्य की संभावनाओं में मील का पत्थर है। कल्पना करें दिमाग की गतिविधि को प्रभावित करने (अंततः नियंत्रण करने वाला) वाले चिप पर। खोपड़ी के भीतर, खोपड़ी के काम में हस्तक्षेप करके उसके द्वारा शरीर को यह निर्देश देना कि यह फलां काम करो! चिप लकवे के मारे व्यक्ति के शरीर में हलचल बनवा देगा। उसे खड़ा कर देगा। इसके लिए दुनिया के नंबर एक उद्यमी इलॉन मस्क ने 2016 में न्यूरालिंक नाम की एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की थी। अब नौ साल बाद मनुष्य की खोपड़ी में उसका चिप लग गया है। दिमागी गतिविधियों, उसके कामकाज की अत्यधिक बारीक, नैनो सरंचना में शरीर के काम, क्रिया विशेष के लिंक को पकड़ कर खोपड़ी के भीतर वह चिप लगा है जो अपने निर्देशों से न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे पक्षाघात से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में गतिविधि ला देगा। पहले इस चिप का परीक्षण बंदरों में हुआ था। इलॉन मस्क के अनुसार न्यूरालिंक चिप प्रत्यारोपण करने से किसी भी बंदर की मौत नहीं हुई। उसके बाद कंपनी को पिछले साल अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्?ट्रेशन, एफडीए ने मनुष्य दिमाग में चिप प्रत्यारोपण और परीक्षण की मंजूरी दी थी।

और अब जैविक मनुष्य दिमाग में चिप के सफल परीक्षण की खबर है। न्यूरालिंक कंपनी के अनुसार उसके एन1 चिप ऐसे पदार्थ से बने खोल में होंगे, जिसे शरीर के अंदर सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है। चिप्स शरीर के अंदर के हालात से कहीं ज्यादा खराब और विपरीत हालात में भी काम कर सकेंगे। एन1 चिप में एक छोटी सी बैटरी लगी होती है, जिसे बिना किसी तार के, बाहर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसका चार्जर बहुत छोटा और कहीं से भी काम करने में समर्थ। सोचें, दिमाग में चिप और वह बाहर से (मतलब वायरलेस तरीके से) अपने आप चार्जर से चार्ज होता हुआ। जाहिर है बैटरी कब चार्ज होनी है इसका मैसेज टेलीपैथी (वायरलेस तकनीक) से होता हुआ। तभी कंपनी ने बताया है कि पहले टेस्ट का मकसद प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन है। साथ ही लकवाग्रस्त व्यक्ति को अपनी थिंकिंग से बाहरी उपकरणों को कंट्रोल करने में समर्थ करने के लिए टेलीपैथी वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना भी है।

मतलब यह हुआ कि इस टेलीपैथी तकनीक में व्यक्ति के दिमाग के सोचते ही उसका फोन या कंप्यूटर से संवाद याकि कंट्रोल बनेगा। सो, एक तरफ दिमाग में निर्देशों याकि प्रोग्रामिंग से भरा चिप। उससे फिर विकलांगों, लाचार, लकवाग्रस्त लोगों के शरीर अंग काम करते हुए। और चिप शरीर बाहर के फोन, कंप्यूटर से बात करता हुआ, उन्हें कंट्रोल करता हुआ तो बैटरी वायरलेस तरीके से चार्ज होते हुए। एक और अद्भुत बात, कंपनी ने सिलाई मशीन जैसा उपकरण बनाया है जो दिमाग के भीतर बहुत पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है। और ये धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम-डिजाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं, जो न्यूरॉन्स के समूहों से डाटा पढ़ते हैं। तभी वह वक्त दूर नहीं है जब एक तरफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में तेजी से होते विकास से रोबो का मशीनी दिमाग आम आदमियों की औसत बुद्धि से अधिक कुशाग्र होगा वहीं इंसान की खोपड़ी का जैविक दिमाग चिपों से भरा या एक ही ऐसा चिप लिए हुए होगा जो शरीर और बुद्धि दोनों को अपने निर्देशों से चलाएगा। फिर तीसरी हकीकत चीन द्वारा प्राइमेट्स की क्लोनिंग याकि जैविक बंदरों का सफल निर्माण है। क्लोनिंग पर चीन लगातार शोध करता हुआ है। सन् 2018 में शंघाई चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के न्यूरोसाइंस संस्थान ने बताया था कि नवंबर 2017 में दो क्लोन मकॉक बंदर 'जोंग जोंग' और 'ख्वा ख्वा' का जन्म हुआ। अब उसने रीसेस बंदर के क्लोन बनने की सूचना दी है। बताया है कि यह नर बंदर स्वस्थ और खुश है। इसकी उम्र दो साल है।

इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में बंदरों को बनाते-बनाते इंसानी क्लोन बनने की सूचना आएगी। तब यह भी संभव है कि चीन अपने घमंड, अपनी ताकत में जीन थेरेपी, एआई बुद्धि के दिमागी चिपों से क्लोन मनुष्यों की फैक्टरियां ही बना डाले। फैक्टरियों में कामगारी या लड़ाकू सैनिकों जैसे खास काम के लिए मनुष्य (रोबो भी) पैदा होने लगें। यों अभी मनुष्य की सटीक आनुवांशिक नकल बनाना आसान नहीं है। पर जीन थेरेपी-तकनीक भी उतनी ही तेजी से विकसित हो रही है जैसे एआई, चिप, स्पेस और जैविक बॉयो टेक्नोलोजी में विकास छलांग मारते हुए है। जीन थेरेपी से अमेरिका में अभी 11 साल के बहरे बच्चे का सुनना संभव हुआ तो आगे मनुष्य के देखने, सुनने, दिल और पाचन तंत्र आदि के पहलू और इलाज में जीन तकनीक का उपयोग निश्चित होना है। उस नाते बहरेपन को खत्म करने की ताजा सफलता दुनिया भर के उन मरीजों के लिए खुशखबरी है जो जेनेटिक म्यूटेशंस के कारण सुनने की क्षमता खोते हैं। नई सफलता से भविष्य में 150 से ज्यादा उन जीन-असामान्यताओं को ठीक करने का रास्ता खुलेगा, जिनके कारण बच्चों में बहरापन होता है। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' अखबार ने इस खबर का ब्योरा देते हुए बताया है कि बच्चा सुन लेगा लेकिन शायद ही कभी बोल पाए क्योंकि मस्तिष्क का जो हिस्सा बोलने की क्षमता देता है, वह पांच साल की उम्र में ही बंद हो जाता है। पर क्या बोलने की क्षमता की बंद तंत्रिकाओं को भविष्य में मष्तिष्क में चिप के जरिए दुरूस्त नहीं किया जा सकेगा? दिमाग से शरीर के जो हिस्से सुन्न, लाचार, बंद हैं उन्हें यदि चिप से दुरूस्त किया जा सकता है तो तकनीक न केवल नकली बुद्धि, नकली शरीर, नकली दिमाग बना देगी, बल्कि मुमकिन है मनुष्यों की कौम, सभ्यताओं की सोच और संरचनाओं को भी दिमागी चिप या जीन थेरेपी से बदलने लगे। और इसका फायदा तानाशाह-शैतान शासक उठाएंगे। वे लोगों को पालतू, अंधभक्त और पराधीन, गुलाम बनाने में विज्ञान-तकनीक के नए विकास भरपूर दुरूपयोग करेंगे।

दुर्भाग्य जो यह सब बुनियादी तौर पर अमेरिका व चंद पश्चिमी देशों के खोजियों, पुरुषार्थियों की उन टोलियों से होता हुआ है जो मूलत होमो सेपियन की खोजी प्रवृत्ति, सत्यशोधन के सनातनी आनुवांशिक बुनावट लिए वे स्वतंत्र बुद्धिमना हंस हैं, जिनकी चरैवति-चरैवति की अनंत उड़ान से ब्रह्माण्ड भी भेदा जाने लगा है।

विषयांतर हो गया है। फिलहाल सोचे, अमेरिका और उसके नंबर एक उद्यमी,टेस्ला कंपनी के मालिक इलॉन मस्क पर। कैसा अद्भुत उद्यमी है। मस्क ने बैटरी संचालित, बिना ड्राइवर के वाहन बना दुनिया में झंडा गाड़ा। दुनिया का नंबर एक अरबपति बना तब भी वह अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अंतरिक्ष उड़ान के स्पेसक्राफ्ट की रिसर्च-निर्माण में पैसा उढ़ेलते हुए है तो दिमागी चिप और एआई आदि में भी शोध और निर्माण का धुनी निवेशक है। वैसे ध्यान रहे दिमागी चिप, जीन थेरेपी, एआई और स्पेस आदि में अमेरिकी उद्यमियों के अरबों डालर के निजी निवेश हैं। जितनी विशाल कंपनी उनकी उतनी ही विशाल फंडिंग। ठीक विपरीत जरा भारत के अडानी-अंबानियों की खरबपति जमात पर गौर करें। केवल और केवल क्रोनी पूंजीवाद से देश और 140 करोड़ लोगों को दूहना और मुनाफे की दुकानदारी के सेठ बने रहना।

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## साथ तेरे मैं हूँ ना

घबराना नहीं अब किसी भी मोड़ पर
अब साथ तेरे मैं हूँ ना
जीवन सफर है तो इसका मजा लीजिए
सफर में साथ तेरे मैं हूँ ना
दामन में दाग लग जाये तो गम ना करना
सदा साथ तेरे मैं हूँ ना
सपने बुनकर पूरा करने उड़ो आसमान में
हर उड़ान में तेरे मैं हूँ ना
विस्वास कीजिए मंजिल मिल ही जायेगी
मंजिल में साथ तेरे मैं हूँ ना
जीवन मिला है तो सांसे भी मिल जायेगी
हर सांस में तेरे मैं हूँ ना
बस आश रखो इस जीवन के हर पड़ाव से
विश्वास में तेरे मैं हूँ ना
टूटकर कभी बिखरना नहीं है अब जीवन में
हर पल साथ तेरे मैं हूँ ना
अंतिम सफर तो सबका दर मेरा ही होगा
हर सांस में तेरे मैं हूँ ना



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
आमाचानी
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# पुलिस बल की रही तैनाती,दूसरे दिन भी रहा कार्मेल स्कूल बंद,नम आंखों से दी गई छात्रा की अंतिम विदाई





- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शहर के दर्रीपारा निवासी इंजीनियर आलोक कुमार सिन्हा की 12 वर्षीय बेटी अर्चिशा सिन्हा ने मंगलवर की रात के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वह शहर के कार्मेल स्कूल में कक्षा 6वीं की छात्रा थी। आत्महत्या करने से पूर्व छात्रा ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उसने स्कूल की शिक्षिका पर कई दिनों से प्रताड़ित व कक्षा में दोस्तों के सामने अपमानित करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से पूरे शहर में कार्मेल स्कूल प्रबंधन व शिक्षिका के खिलाफ आक्रोश फैल गया। लोग विरोध प्रदर्शन करने लगे। आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने पीएम रिपोर्ट व सुसाइड नोट के आधार पर धारा 305 के तहत अपराध दर्ज कर शिक्षिका सिस्टर मर्सी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया था। वहीं घटना के बाद कार्मेल स्कूल के बाहर भाजयुमो ने टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन किया था। आक्रोश को देखते हुए प्रबंधन ने दूसरे दिन गुरुवार को भी स्कूल पूरी तरह बंद रखा। वहीं कार्मेल स्कूल के सभी गेटों के बाहर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वहीं छात्रा अर्चिशा सिन्हा ने आत्महत्या करने से पूर्व सुसाइड नोट भी लिखी थी। जिसमें शिक्षिका सिस्टर मर्सी पर प्रताडना का आरोप लगाई थी। वहीं उसने लिखा था कि अंतिम संस्कार में उसके सारे दोस्तों को बुलाने की बात भी उसने लिखी थी। अर्चिशा सिन्हा का अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। अंतिम यात्रा उसके निवास से निकली तो लोगों के आंसू छलक गए। मेधावी अर्चिशा के सहपाठी भी उसके घर पहुंचे थे। अर्चिशा कक्षा पांचवीं के टॉपर बच्चों में शामिल थी। वह नासा जाना चाहती थी। इस घटना ने सभी को गमगीन कर दिया है। बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक एवं नागरिक अंतिम संस्कार में शामिल हुए। बेटी को कंधा दे रहे पिता फफक कर रो पड़े।

### विधायक ने कार्रवाई का दिया निर्देश

कार्मेल स्कूल के शिक्षिका के प्रताडना से छात्रा द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में विधायक राजेश अग्रवाल ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने घटना से संबंधित दोषियों पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि स्कूल प्रबंधन की नीतियों पर नजर रखी जानी चाहिए, और दुबारा ऐसी घटना न हो, संबंधित अधिकारी वर्ग यह सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बच्ची मेधावी छात्रा थी, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, परिजन को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

### अभिभावक संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने बुधवार को ही तत्काल कार्रवाई करते हुए शिक्षिका मर्सी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दूसरे भी भी लोगों का आक्रोश देखा गया। बजरंग दल ने स्कूल के हनुमान चालिसा का पाठकर विरोध जताया। वहीं अभिभावक संघ ने संबंधित शिक्षिका पर ही कार्रवाई को अपर्याप्त बताया है। छात्रा की मौत के बाद कई अभिभावक मुखर हो गए हैं। अभिभावक संघ के अध्यक्ष नीलेश सिंह ने कहा कि अभिभावकों की दर्जनों शिकायतों के बाद भी उन्हें नहीं हटाया गया। प्राचार्य भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। छात्रा के पिता ने शिकायत करने पर बच्चों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। संबंधितों पर कार्रवाई नहीं होती है तो अभिभावक संघ आंदोलन करेगा।

### अधिवक्ता संघ ने की कार्रवाई की मांग

कार्मेल स्कूल के शिक्षिका के प्रताडना से छात्रा द्वारा खुदकुशी किए जाने के मामले में अधिवक्ता संघ भी आगे आया है। अधिवक्ता संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शैक्षणिक संस्थाओं पर कड़ाई से निगरानी एवं जांच किए जाने की मांग की है। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन के माध्यम बताया है कि मृतका अर्चिशा चिन्हा अधिवक्ता अनिल सिन्हा की पोती थी। स्कूल के प्राध्यापक के व्यवहार से आहत होकर आत्महत्या कर ली, जिसके संबंध में अधिवक्ता संघ के सदस्यों में संस्था के प्रति रोष व्याप्त है। उक्त घटना के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर कार्मेल स्कूल में हुये उक्त घटना का विस्तृत जांच करते हुये संस्था तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हेमन्त तिवारी, विजय तिवारी, मनोज अम्बष्ट, मिथलेश सिंह, राकेश सिन्हा, आनन्द शर्मा, अशोक सिंह, सी.डी. कुमार राजवाड़े, अशोक दुबे, अनील दुबे, सत्येन्द्र तिवारी,उमंग दुबे उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना को लेकर विवाद,कांग्रेस पार्षद पति ने की भाजपा महिला कार्यकर्ता से मारपीट, अपराध दर्ज



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई महतारी वंदन योजना को लेकर शहर में महिलाओं के बीच फार्म भरने की मची होड़ के बीच अब इस योजना को लेकर भाजपा व कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं में विवाद की भी खबरें सामने आ रही हैं इस मामले को लेकर कल कांग्रेस के पूर्व पार्षद तथा वार्ड की वर्तमान पार्षद के पति द्वारा भाजपा की महिला कार्यकर्ता से गाली-गलौच करने व मारपीट करने का आरोप लगा है जिसपर महिला कार्यकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पार्षद पति पर अपराध दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के गंगापुर वार्ड क्रमांक 47 में 6 फरवरी को इस योजना का फार्म जमा करने के लिए सोसायटी के पास आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता व सहायिका बैठी हुई थी वहीं पास में ही फार्म जमा करने आने वाली महिलाओं की सहायता के लिए वार्ड में रहने वाली भाजपा महिला कार्यकता प्रीति सिंह व अन्य भी वहां आई थी। इसी दौरान वार्ड के वर्तमान कांग्रेस पार्षद मिला तिर्की के पति तथा पूर्व पार्षद बालकेश्वर तिर्की वहां पहुंचे।

आरोप है कि बालकेश्वर तिर्की द्वारा इस योजना को लेकर उटपटांग बातें करनी शुरू कर दी इसपर प्रीति सिंह द्वारा पार्षद पति की बातों का विरोध किया गया तो पार्षद पति ने उससे भी विवाद किया गया परन्तु 6 फरवरी को मामला शांत हो गया। कल पुनः बालकेश्वर तिर्की द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास पहुंचकर फिर से योजना की बुराई करने पर पुनः प्रीति सिंह द्वारा उसे ऐसा बोलने से मना करने पर वह भड़क गया और महिला कार्यकर्ता से गाली गलौच करते हुए उसे मारने के लिए लाठी लेकर आया। इस दौरान उसने प्रीति सिंह व अन्य लोगों से गाली गलौच करते हुए उनसे मारपीट भी की गई। इस घटना को लेकर वार्ड में पार्षद पति के प्रति नाराजगी फैल गई है। आहत महिला कार्यकर्ता ने इस मामले की शिकायत थाने में की है जिसपर पुलिस ने आरोपी पार्षद पति बालकेश्वर तिर्की के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है

## यातायात के नियमो की अवहेलना करने पर 90 वाहन चालकों से वसूले गए 50 हजार रुपए समन शुल्क




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा बुधवार की देर रात मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट वाहन एवं यातायात के नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

संयुक्त पुलिस टीम द्वारा शहर के चौपाटी, महामाया चौक, अम्बेडकर चौक, बनारस रोड में कार्रवाई कर यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले 90 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये समन शुल्क वसूले गए हैं।

जिसमें मॉडिफाइड साइलेंसर के मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कुल 17 बुलेट वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई न्यायालय पेश किया गया है।

## कॉलेज के छात्राओं को दी गई यातायात नियमों की जानकारी






- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय राजमोहनी देवी कन्या स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। जागरुकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने, निर्धारित आयु सीमा के पूर्ण होने पर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के पश्चात ही वाहन चलाने की समझाइश दी गई। वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज की प्रति आवागमन में वाहन के साथ में रखने एवं नाबालिगों को दोपहिया वाहन का उपयोग ना करने की समझाइश दी गई।

सडक़ सुरक्षा के प्रति आमनागरिकों में जागरूकता उत्पन्न कर वाहन दुर्घटनाओं से हो रहे जनहानी को कम करने के समुचित प्रयास हेतु सडक़ सुरक्षा माह का आयोजन सरगुजा पुलिस द्वारा किया जा रहा है। जागरुकता कार्यक्रम में यातायात कर्यालय से प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, आरक्षक पवन कनौजिया, शिवप्रताप सिंह शामिल रहे।

## 8 फरवरी 2024 की स्थिति में लोकसभा क्षेत्र सरगुजा में कुल 1802941 मतदाता



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले में मतदान की शुद्धता एवं नाम विलोपन पर विशेष फोकस किया गया है। मतदाता सूची को परिशुद्ध बनाये रखने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 के दौरान विधानसभा क्षेत्र से शादी पश्चात बाहर गई महिलाओं या अन्य कारणों से स्थायी रूप से बाहर गये मतदाताओं का नाम विलोपन करने के साथ ही बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन में मृत पाये गये मतदाताओं के नाम विलोपित किए गए हैं। इसी प्रकार बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान विशेष रूप से जिन युवाओं की 1 जनवरी 2024 को उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है उनका भी नाम जोडने का विशेष ध्यान दिया गया है। उक्त बातें गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने कही। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों पर प्रेस वार्ता आयोजित किया गया था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक ने बताया कि 8 फरवरी 2024 की स्थिति में लोकसभा क्षेत्र सरगुजा में कुल 1802941 मतदाता हैं। वहीं मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी 2024 की स्थिति में जिले में कुल 652126 मतदाता थे। उप जिला निर्वाचन ने बताया कि वर्तमान में कुल 171229 युवा मतदाता हैं, जिसमें 18 से 19 आयुवर्ग के 20078 एवं 20 से 29 आयुवर्ग के कुल 151151 मतदाता शामिल हैं। वहीं जिले में कुल 7413 दिव्यांग एवं 3 ओवरसीज मतदाता हैं। वहीं विशेष पिछड़ी जनजाति समूह पहाड़ी कोरवा के कुल 7299 मतदाता हैं। जिले की तीनों विधानसभा में कुल 781 मतदान केन्द्र हैं जिसमें विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा में 254, अम्बिकापुर में 282 जिसमें 1 मतदान केंद्र गेतरा सूरजपुर जिले के अंतर्गत आता है तथा सीतापुर में 245 मतदान केन्द्र शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र भटगांव के अंतर्गत जिले के 6 मतदान केन्द्र शामिल हैं। इस तरह जिले में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 786 है।

## अपराधी कांग्रेसी मानसिकता से बाज आएं क्योंकि हम अपराध पनपने नहीं देंगे- विधायक राजेश अग्रवाल

» भारतीय जनता पार्टी का अपराध मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति है और अपराधी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा- विधायक



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

नगर अंबिकापुर क्षेत्रांतर्गत संचालित कार्मेल स्कूल में शिक्षक प्रताड़ना से छात्रा द्वारा खुदकुशी मामले में विधायक राजेश अग्रवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इस घटना से संबंधित दोषियों पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और कहा कि स्कूल प्रबंधन की नीतियों पर नजर रखी जानी चाहिए, और दुबारा ऐसी घटना न हो, संबंधित अधिकारी वर्ग यह सुनिश्चित करें। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि बच्ची मेधावी छात्रा थी , यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, परिजन को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।

एक दूसरे मामले में विधायक राजेश अग्रवाल ने निगम अंबिकापुर के कांग्रेसी पार्षद पति द्वारा महिला प्रीति सिंह और शैलेंद्र शर्मा के साथ मारपीट, अभद्र व्यवहार करते हुए दहशत फैलाने पर नाराजगी जताई है, उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का अपराध मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति है, और अपराधी कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कांग्रेसी सरकार में चरम पर पहुंच चुके अपराध पर कहा कि हमारी सरकार समाज में सुरक्षा, शांति और सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है, और अब अपराधी कांग्रेसी मानसिकता से बाज आएं क्योंकि हम अपराध पनपने नहीं देंगे। उन्होंने दोषियों पर उचित कार्यवाही करने की बात कही है।

## 10 वर्षीय बालक रिशु के गायब होने को लेकर पुलिस पुलिस अधिकारियों ने झोंकी पूरी ताकत,अतिरिक्त बल लगाकर चल रही खोजबीन,वाहनों की भी हो रही जांच



- संवाददाता -
प्रतापपुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

10 वर्षीय बालक रिशु कश्यप के गायब होने के बाद जहां प्रतापपुर नगर में हड़कंप मचा हुआ है। वही सूरजपुर एसपी एडिशनल एसपी एसडीओपी के दिशा निर्देश पर प्रतापपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर पूरा ताकत झोंक दिया हैं तथा एक्स्ट्रा पुलिस बल प्रतापपुर क्षेत्र में खोजबीन के लिए लगाए गए हैं जहां स्पेशल पुलिस बल सहित साइबर पुलिस सेल क्राइम सेल की मदद से प्रतापपुर थाना में ही चारों ओर से होने वाली कॉल ट्रेकिंग की जा रही है। तथा प्रतापपुर पुलिस ने गांव गांव से लेकर सूरजपुर जिले से लेकर अंबिकापुर बलरामपुर बैकुंठपुर सहित आसपास के तमाम जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में इस मामले को लेकर हाई अलर्ट कर दिया है। जगह-जगह वाहनों को भी चेक किया जा रहा है। और इस विषय में जहां भी जानकारी लग रही है तत्काल पुलिस मुस्तैद हैजहां बच्चे का अभी तक सीसी कैमरा के माध्यम से भी किसी तरह का सुराग नहीं मिल पाया है वही यह चुनौती पुलिस के लिए बालू में सुई खोजने के बराबर मानी जा रही है जहां प्रतापपुर पुलिस प्रशासन ने इस मामला को सुलझाने के लिए जी जान रात दिन एक कर दिए हैं। साइबर व विशेष पुलिस टीम के माध्यम से इस बच्चे की तलाशी जोरों शोरों से है थाना प्रभारी किशोर केरकेट्टा ने बताया कि बस एक सुराग मिल जाने के बाद में पुलिस पूरी मामले का खुलासा कर देगी और पुलिस पूरा निष्पक्षता के साथ कड़ी मेहनत कर इस बच्चे को खोजने में रात दिन एक किया हुआ है साइबर सेल व प्रतापपुर क्षेत्र में हुए कॉल डिटेल के माध्यम से पूरी बारीकी के साथ छानबीन चल रही है।

## उदयपुर एकलव्य आवासीय विद्यालय के छात्र अपनी समस्या को लेकर निकले कलेक्टर के पास

**दो किलोमीटर पैदल चलकर NH पर पहुंचने से पहले ही अधिकारियों ने रोका समझाइश देकर पहुंचाया हॉस्टल**

» विधायक राजेश अग्रवाल के बड़े भाई स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ विद्यालय पहुंचकर सुनी छात्र छात्राओं की समस्या

» जल्द निराकरण का आश्वाशन

» एकल्वय के बालक और बालिका दोनों ही छात्रावास में भारी अनियमितता का आरोप





- संवाददाता -
उदयपुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

आज एकलव्य विद्यालय के सैकड़ो छात्र जो की विद्यालय उदयपुर के झिरमिट्टी ग्राम में संचालित है छात्र अपनी समस्या को लेकर अचानक छात्रावास से निकलकर सीधा कलेक्टर महोदय से मिलने हेतु पैदल जा रहे थे जिसकी सुचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों और उच्च अधिकारीयों को मिलने पर तत्काल स्टेडियम ग्राउंड झिरमिट्टी के पास उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचकर छात्रों की समस्या को सुना गया और उचित निराकरण का आश्वासन दिया गया फिर छात्रों को वापस हॉस्टल भेजा गया।

इस दौरान छात्रों ने अधिकारियो को पानी की समस्या. बैंच की समस्या. सोने हेतु बेड और गद्दे की समस्या. नास्ता बहुत ही कम मिलता है. खाना भी बहुत कम मिलता है.। अधीक्षक रात में नशे की हालत में आकर बच्चों से मारपीट करता है। अच्छा खाना नहीं होने पर अधीक्षक बच्चों को दिखाने हेतु खाना लेकर फेंक देता है और स्वयं अधीक्षक होटल खाना खाने चला जाता है।. हॉस्टल में नाली की सफाई नहीं होती. गन्दी जगह पर खाना बनाया जाता है.। तेल वाली कड़ाही पर तेल युक्त चाय बनाकर छात्रों को दिया जाता है।. इन सभी समस्या से छात्र पहले भी उच्च अधिकारियो को अवगत करा चुके है परन्तु समस्या का निदान नहीं होने पर आज पैदल ही कलेक्ट्रेट जाने लगे। मौके पर पहुचे मंडल संयोजक उमेश दफ्तूवार विकास खंड शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव ने समस्या को अच्छे से समझकर छात्रों को समझाइस दे पुनः छात्रावास जाने को कहा ।

छात्रों की समस्या सुनने हेतु अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के बड़े भाई विजय अग्रवाल के साथ महिला मोर्चा के पदाधिकारी कल्पना भदौरिया,प्रमिला पोरते,अंजना गुप्ता . युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बुधमोहन सिंह, शुभम भदौरिया. लवकेश राजवाड़े. कमलाकांत सहित ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

तत्काल समस्या निराकरण करने हेतु विजय अग्रवाल ने उच्च अधिकारियो से बातकर अधीक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की भी मांग की गई. इस दौरान विजय अग्रवाल जी ने छात्रों की समस्या का तत्काल निराकरण करने का आश्वासन दिया गया ।

# भारतीय मूल के वरुण घोष ने बनाया इतिहास, भगवद् गीता पर शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बने

**मेलबर्न, 08 फरवरी 2024।** भारतीय मूल के वरुण घोष पवित्र हिंदू ग्रंथ भगवद् गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले सीनेटर बन गए हैं। दरअसल, पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई लेबर पार्टी (एएलपी) के सीनेटर पैट्रिक डोडसन ने स्वास्थ्य कारणों से सियासत से संन्यास लेने का एलान किया था। जिसके बाद बैरिस्टर घोष ने सीनेट में उनकी जगह ली है।



### विदेश मंत्री पेनी वोंग ने किया स्वागत

लेबर पार्टी के वरुण घोष पश्चिम ऑस्ट्रेलिया से सीनेटर बने हैं। ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने एक्स पर कहा, ÷पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया से हमारे नए सीनेटर वरुण घोष आपका स्वागत है। सीनेटर घोष भगवद् गीता पर पद की शपथ लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर हैं।÷

वोंग ने कहा, जब आप किसी चीज में पहले हैं, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप अंतिम नहीं हैं। मुझे भरोसा है कि सीनेटर घोष अपने समुदाय और पश्चिम ऑस्ट्रेलिया के लोगों के लिए एक मजबूत आवाज साबित होंगे। सीनेट में लेबर पार्टी की टीम में आपका होना बहुत अच्छा है।

### 17 साल की उम्र में लेबर पार्टी से जुड़े

एक ऑस्ट्रेलियाई अखबार की खबर के मुताबिक, वरुण घोष के माता-पिता 1990 के दशक में डॉक्टर के रूप में काम करने के लिए भारत चले गए थे। इसके बाद घोष सत्रह साल की उम्र में पर्थ में लेबर पार्टी में शामिल हो गए थे।

### कैंब्रिज विश्वविद्याल से की कानून की पढ़ाई

वह फांसिस बर्ट चेंबर्स में बैरिस्टर हैं। उन्होंने वाणिज्यिक और प्रशासनिक कानून के साथ-साथ उद्योग और रोजगार कानून के क्षेत्र में भी काम किया है। 38 वर्षीय घोष के पास यूडब्ल्यूए लॉ स्कूल से कानून और कला में ऑनर्स की डिग्री है। जहां उन्होंने गिल्ड काउंसिल के अध्यक्ष और सचिव के रूप में भी काम किया है। उन्होंने ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय से लॉ में मास्टर डिग्री पूरी की है।

# इराक में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत

**बगदाद,08 फरवरी 2024।** इराक की राजधानी पूर्वी बगदाद में अर्धसैनिक हशद शाबी बल की एक कार पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी है।सूत्र ने बताया कि हमला शाम को हुआ जब एक ड्रोन ने अल-मश्तल पड़ोस में अर्धसैनिक बलों के एक वाहन पर बमबारी की। बममारी से हुए विस्फोट के कारण आग लग गई और वाहन के अंदर तीन लोगों की मौत हो गई। इराकी सुरक्षा बलों ने घटनास्थल को सील कर दिया और एक नागरिक सुरक्षा टीम आग बुझाने के लिए रवाना हुई।



सूत्र ने कार में मारे गए एक व्यक्ति की पहचान अबू बाकिर अल-सादी के रूप में की, जो इराक में ईरान समर्थित सशस्त्र समूह कातिब हिजबुल्लाह का कमांडर था, जिसका हश्द शाबी बल या पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज से संबंध है।सूत्रों के अनुसार, हमले के बाद, इराकी सुरक्षा बलों ने किसी भी सुरक्षा उल्लंघन की आशंका में, भारी किलेबंदी वाले ग्रीन जोन के आसपास सुरक्षा उपायों को कड़ा कर दिया, जिसमें अमेरिकी दूतावास सहित कुछ मुख्य सरकारी संस्थान और विदेशी राजनयिक मिशन शामिल हैं।

# अमेरा ओपनकास्ट में भारी मात्रा में हो रहा है कोयला चोरी

- महिला पुरुष जान जोखिम में डालकर खदान में घुसे घुसकर दबंगई से करते हैं कोयला चोरी
- प्रबंधन के द्वारा थाना प्रभारी से लेकर सरगुजा एसपी से कई बार किया जा चुका हैं शिकायत

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

एसईसीएल की अमेरा ओपनकास्ट में भारी मात्रा में कोयला चोरी हो रहा है। कथित तौर पर सैकड़ो की संख्या में जान जोखिम में डालकर खदान में घुसे महिला पुरुष दबंगई से बेधड़क कोयला चोरी कर ले जा रहे है। प्रबंधन द्वारा थाना प्रभारी से लेकर सरगुजा एसपी से बार बार शिकायत किए जाने के बावजूद कोयला चोरी पर लगाम नही लगना समझ से परे है।



सूत्रों की मानें तो एसईसीएल की अमेरा ओपन कास्ट परियोजना से रोजाना भारी पैमाने पर कोयला चोरी होने से खान प्रबंधन परेशान है। रोजाना 200 से ज्यादा ग्रामीण कोयला चोरी करते हैं। इतना ही नहीं गार्ड के मना करने पर ग्रामीण विवाद पर उतर आते हैं। जिसमें अब कोयला चोरी करने का वीडियो सामने आया है। जांच में बताया गया कि ग्राम परसोड़ी, कटकोना, पुहपुटरा, के ग्रामीण ही कोयला चोरी करते है। फिलहाल इस मामले में फिर कार्रवाई की मांग की गई है । अब देखना ये है कि आखिर कब तक इसी तरह की चोरी होती रहेगी या शासन प्रशासन के द्वार कोई कार्रवाई की जाएगी।

# विमान की खिड़की से बाहर झांकने पर शख्स ने देखा कुछ ऐसा कि रह गया दंग

**लंदन, 08 फरवरी 2024।** ब्रिटेन में एक शख्स हवाई जहाज से यात्रा कर रहा था। इस दौरान उसने खिड़की से बाहर देखा तो वह हैरान रह गया। दरअसल, विमान के पंख में गफर टेप लगा हुआ था। दरअसल, 62 वर्षीय डेविड पार्कर पांच फरवरी को अपनी मंगेतर के साथ गोवा जा रहे थे। तब ही उन्होंने बोइंग 787 के बाहरी हिस्से में सिल्वर टेप के टुकड़े देखे।

### मैं हैरान रह गया...

पार्कर ने कहा,मैंने खिड़की खोली तो मुझे विमान के बाहरी हिस्से पर गफर टेप लगे दिखे। इससे देखकर मैं हैरान रह गया। मैंने थोड़ी देर में देखा कि टेप छुटने लगे, तो मैंने सोचा यह क्या बकवास है। मैं दुनियाभर में घूम चुका हूं, पहले ऐसा कभी कुछ नहीं देखा। मैंने अपनी मंगेतर को इशारा किया तो उसने सिर्फ इतना कहा कि काश आपने मुझे यह नहीं दिखाया होता।



### यह है खौफनाक घटना

इससे पहले, अमेरिका में पांच जनवरी को अलास्का एयरलाइंस के जिस विमान का दरवाजा बीच हवा में टूटा था, उसमें घटना के वक्त 171 यात्री और चालक दल के छह लोग सवार थे। एयरलाइंस की फ्लाइट ने पोर्टलैंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही विमान के क्रू को विमान में हवा के दबाव की स्थिति का सामना किया। इसके कुछ देर बाद ही विमान का विंडो पैनल टूट गया। यह विमान का इमरजेंसी एग्जिट डोर था, जिसके बाद विमान की वापस पोर्टलैंड एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिग कराई गई थी।

बताया जा रहा है कि, बोइंग 737 में सवार तीन यात्रियों ने सीटबेल्ट नहीं पहन रखी थी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड के अध्यक्ष जेनिफर ने रविवार को बताया कि विमान में तीन बच्चे देखभाल करने वालों की गोद में थे।

### कंपनी ने दी सफाई

मामला सामने आने पर बोइंग ने स्पष्ट किया कि वह स्पीड टेप था। कंपनी ने आश्वासन दिया कि टेप पूरी तरह से सुरक्षित है। कंपनी ने कहा, कुछ 787 में पेंट की समस्या देखी गई है। हम लोगों की सुरक्षा को समझते हैं, इसलिए इस पर काम कर रहे हैं। एक नई ब्लैक टॉपकोट परत जो समग्र और मौजूदा कोटिंग सिस्टम के बीच लागू की जाएगी, अब इन-सर्विस हवाई जहाज के लिए 787 ऑपरेटरों के लिए उपलब्ध है।

# पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा गत रात्रि थाना कमलेश्वरपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

गत रात्रि पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा श्री विजय अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा थाना कमलेश्वरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थाना कमलेश्वरपुर के समस्त ग्राम एवं उनकी वस्तुस्तिथि से अवगत होकर थाना के वार्षिक अपराध, लंबित अपराध, लंबित शिकायत, मर्ग निकाल एवं थाने के रिकोर्डो के सम्बन्ध मे अधतन जानकारी ली गई, थाना प्रभारी कों लंबित अपराधों एवं शिकायतो के सम्बन्ध मे 15 दिन की समय सीमा के भीतर कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए गए। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा थाना प्रभारी कों बेसिक पुलिसिंग केंद्रित रखकर कार्यवाही करने, फरियादियों की समस्याओं का तत्काल निवारण करने के सम्बन्ध मे स्पष्ट दिशा निर्देश दिए गए, आवेदको की



- लंबित अपराधों की समीक्षा, लंबित शिकायत, मर्ग निकाल, एवं समस्त रिकार्डो के सम्बन्ध मे ली गई अधतन जानकारी
- बेसिक पुलिसिंग केंद्रित रखकर फरियादियों की समस्याओ का त्वरित निराकरण करने दिए गए दिशा निर्देश
- आगामी दिनों मे आयोजित मैनपाट महोत्सव के सम्बन्ध मे पूर्व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

समस्याओ कों सुनकर थाना स्तर पर ही आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, रात्रि गस्त नियमित रूप से किये जाने एवं लापरवाही बरतने पर सख्त कार्यवाही किये जाने की हिदायत दी गई, आगामी दिनों मे थाना कमलेश्वरपुर अंतर्गत आयोजित होने वाले मैनपाट महोत्सव मे सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई एवं बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

# क्रेडिट कार्ड बंद करने के नाम पर 3 लाख 19 हजार रुपए की ठगी, आरोपी धनबाद से गिरफ्तार

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

ऑनलाइन ठगी के मामले में सीतापुर पुलिस ने एक आरोपी को झारखंड के धनबाद से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड बंद करने का झांसा देकर व मोबाइल पर फर्जी एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर सीतापुर निवासी एक व्यक्ति से 3 लाख 19 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी कर ली गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को झारखंड के दुमका से गिरफ्तर किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी किए रकम में से 2 लाख 94 हजार रुपए बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार जीवर्धन राम प्रधान पिता स्व. जयराम प्रधान कालेज रोड आमाटोली थाना सीतापुर का रहने वाला है। 18 जनवारी को अज्ञात व्यक्ति जीवर्धन के मोबाइल पर फोन कर क्रेडिट कार्ड बंद कराने के नाम पर झांसे में लेकर उसके मोबाइल पर फर्जी एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया और ओटीपी नंबर पूछकर सिक्योरिटी मनी जमा करने के नाम पर 3 लाख 19 हजार रुपए ऑनलाइन ठगी कर लिया। जीवर्धन राम ने मामले की रिपोर्ट 19 जनवारी को सीतापुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में साइबर सेल की मदद से पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए धनबाद झारखंड रवना हुई थी। पुलिस ने आरोपी सोनू मण्डल पिता पवन मण्डल ग्राम मालभांडरु थाना मुफसिल जिला दुमका झारखण्ड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ठगी किए रकम में से 2 लाख 94 हजार रुपए बरामद करने में सफलता पाई है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर सीतापुर लाकर उसके खिलाफ धारा धारा 41(ए) सीआरपीसी के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह, एडवर्ड लकड़ा शामिल रहे।





# 60 साल से काबिज भूमि का फर्जी पट्टा बनवा कर दूसरे को बेचा,मारने की दी धमकी

## पट्टा निरस्त कराने दर दर भटक रहे ग्रामीण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

शासकीय भूमि का फर्जी तरीके से पट्टा बनवा कर दूसरे को बेचने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में मंगलवार को मैनपाट के सपनादर के ज्ञानी यादव के साथ दर्जनों ग्रामीण ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। साथ ही पटवारी और तहसीलदार पर भी मिली भगत कर फर्जी तरीके से पट्टा बनाने का आरोप लगाया है। दरअसल, ग्राम पंचायत सपनादर तहसील सीतापुर में ज्ञानी यादव के पिता पिछले 60 वर्षो से रोपाखार के खसरा नंबर 39 रकबा 1.22 एकड़ पर खेती किसानी के साथ पशु पालन का काम करते थे, इसी भूमि पर इनका मकान भी है। लेकिन बाद में पडोस के गांव के हरिनंदन ने





आपसी विवाद के कारण इस भूमि का फर्जी तरीके गलत दस्तावेज देकर प्रसासनिक अधिकारियों से मिली भगत कर जमीन का पट्टा बनवा लिया और ज्ञानी यादव के काबिज जमीन पर कब्जा करने के लिए विवाद करने लगा। कुछ दिनों तक विवाद चला जिसका बाद पैसे की चालच में हरिनंदन ने अंबिकापुर के रमेश कुमार अग्रवाल को 2006 में जमीन बेच दी। विवाद उस समय खड़ा हुआ जब कुछ महीने पहले रमेश अग्रवाल जेसीबी मशीन लेकर ज्ञानी यादव के काबीज जमीन पर अपना अधिकार बताते हुए कब्जा करने पहुंचे। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हुआ। फिलहाल मामले की जांच के लिए तहसीलदार को दोनों पक्षों ने आवेदन दिया है, जिसकी जांच की जा रही है।

### फर्जी पट्टे को निरस्त करने की मांग, कलेक्टर ने दिया आश्वासन

इधर, फर्जी तरीके से पट्टा बनवा कर दूसरे को जमीन बेचने के मालमें में परेशान ज्ञानी यादव पिता जगरोपन के साथ अवधेश यादव के साथ कलेक्टर के जनदर्शन में पहुचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले में निष्पक्ष जांच करा कर बनाए गए फर्जी पट्टे को निरस्त करने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### अपर कलेक्टर कोर्ट में चल रहा है मामला, वहीं के निर्णय के आधार पर होगी आगे की कार्रवाईः तहसीलदार

मामले में मैनपाट के तहसीलदार प्रांजल गोयल ने बताया कि जमीन विवाद का मामला अपर कलेक्टर कोर्ट में चल रहा है। तहसील कार्यालय में भी आया था, रमेश अग्रवाल द्वारा रजिस्ट्री से जमीन खरीदी गई है। फिलहाल अपर कलेक्टर कोर्ट के निर्णय के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बलरामपुर धान खरीदी में 3 करोड़ से ज्यादा का घपला,प्रभारी तहसीलदार निलंबित

**रामानुजगंज में धान खरीदी के दौरान साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा का भ्रष्टाचार करने के मामले में प्रभारी तहसीलदार को निलंबित कर दिया गया है...**

- संवाददाता -
बलरामपुर, 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

जिले के रामानुजगंज में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान करोड़ों का खेल खेला गया। धान खरीदी में अनियमितता करते हुए प्रभारी तहसीलदार ने सरकार को साढ़े 3 करोड़ से ज्यादा का चूना लगाया.। जिसके बाद प्रभारी तहसीलदार विष्णु गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निर्लंबित कर दिया है.।

प्रभारी तहसीलदार निलंबित रामानुजगंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत कुछ समितियों में अपंजीकृत किसानों के द्वारा अन्य लोगों के रकबे में अवैध तरीके से तहसीलदार की मिलीभगत से मंडी में धान बेचने का खुलासा हुआ.। जिसमें 3 करोड़ 63 हजार रुपये से ज्यादा के भ्रष्टाचार की बात सामने आई.। मीडिया और समाचार पत्रों में इस खुलासे के बाद सरगुजा कमिश्नर में मामले की जांच बैठाई. जांच में प्रभारी तहसीलदार विष्णु गुप्ता की संलिप्पतता सामने आई. जिसके बाद सरगुजा कमिश्नर ने प्रभारी तहसीलदार के निलंबन का आदेश जारी किया।.





आदेश की कॉपी में ये उल्लेख किया गया है कि प्रभारी तहसीलदार विष्णु गुप्ता द्वारा सिविल सेवा आचरण अधिनियम के खिलाफ काम करने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.। आदेश के मुताबिक निलंबन के दौरान सुरजपुर जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय में अटैच कर दिया गया है.।

बलरामपुर में धान खरीदी खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 1 फरवरी तक बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 1 नवम्बर 2023 से धान खरीदी शुरू हुई.। जिले में धान खरीदी के लिए 49 धान उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं.। 1 फरवरी तक जिले में 41081 किसानों से कुल 2574870 क्विंटल धान की खरीदी की गई है.। उस तारीख तक 1690030 क्विंटल धान मिलर्स ने मिलिंग के धान का उठाव कर लिया है.

CMYK

# क्या राजीव भवन के सामने की लॉकिंग टाइल्स भी नगर पालिका लगाएगी ?

## कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को लिखा पत्र,टाइल्स लगाने की मांग की



प्रदीप गुप्ता
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया
Email : pradeep.bkp10@gmail.com

पत्र क्र. 361/D.C.C./Korea दिनांक 24/01/2024

प्रति,
मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद,
बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया

विषय :- राजीव भवन के सामने आपके द्वारा लगाये गये लॉकिंग टाइल्स के मरम्मत किये जाने बाबत् ।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय के सामने नगरपालिका परिषद द्वारा बनाया गया लॉकिंग टाइल्स से बनी फर्श की टाइल्स उखड़ गई, जो सड़क से लगकर है। सड़क पर चल रहे लोग व गाड़ियों के आवागमन में बाधाएं हो रही है, आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही हैं ।

मोटर सायकल सवार आये दिन टाइल्स से टकराकर गिर रहे है। जिससे भविष्य मे कोई बड़ा हादसा हो सकता है । फोन पर मेरे द्वारा कई बार आपसे सुधार कराने हेतु बात हो चुकी है, परन्तु आज तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की गयी है । भविष्य मे लॉकिंग टाइल्स उखड़ने के कारण किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना होती है, तो इसकी सारी जवाबदारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर की होगी ।

प्रदीप गुप्ता




-रवि सिंह-
कोरिया,08 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

हाल ही में सत्ता से बेदखल हुई कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष समझ नहीं पा रहे हैं की अब सरकार भाजपा की है और उन्हे वह सहूलियत नहीं मिलने वाली जो वह प्रदेश में अपनी सरकार रहते हुए उठा पा रहे थे। राजीव भवन कोरिया जो जिला कांग्रेस कमेटी का पार्टी भवन है के सामने लॉकिंग टाइल्स लगी हुई है जिसे कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में नगर पालिका ने लगवाया था जो अब उखड़ने लगा है जिसको पुनः व्यवस्थित करने और पुनः लगाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोरिया प्रदीप गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को पत्र लिखा है और पत्र में उन्होंने लिखा है की राजीव भवन के सामने की लॉकिंग टाइल्स जो नगर पालिका ने लगवाई थी वह उखड़ चुकी है जिससे लोगों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है और लोग चोटिल हो रहे हैं जिसको लेकर उनके द्वारा कई बार मौखिक फोन पर बात हुई है फिर भी उसका सुधार नहीं हो रहा है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने यह भी लिखा है पत्र में की अब यदि आगे कोई दुर्घटना होती है इसकी वजह से बैकुंठपुर नगर पालिका दोषी होगी समस्त जवाबदेही भी उसी की होगी। अब जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को लिखे गए पत्र के बाद यह सवाल खड़ा होता है की क्या अब नगर पालिका राजीव भवन सहित उसके परिसर की भी मरम्मत की जिमेदारी निभायेगी?

जिला कांग्रेस कमेटी भवन जिसे राजीव भवन का नाम दिया गया है एक तरह से व्यवसायिक परिसर भी है जिसके सामने दुकानों का निर्माण कराया गया है जिसे किराए पर दिया गया है। अब भवन के समाने दुकान संचालकों के दुकानों में ग्राहकों की भी भीड़ जुटती है वाहन खड़े किए जाते हैं वहीं राजीव भवन में समय समय पर होने वाले पार्टी बैठकों की वजह से भी गाडियां पार्क होती हैं जिससे लॉकिंग टाइल्स उखड़ता गया और आज वह पूरी तरह उखड़ चुका है ऐसे में लॉकिंग टाइल्स को जिला कांग्रेस कमेटी को ही बदलवाना चाहिए क्योंकि सामने की दुकानों जो भवन के सामने बनी दुकानें हैं उनसे किराया जिला कांग्रेस कमेटी ही प्राप्त करती है या भवन के लिए दुकान के लिए दुकान संचालकों ने जो लागत दी है वह जिला कांग्रेस कमेटी के ही पास है। देखा जाए तो वह शासकीय संपत्ति नहीं है बकायदा एक राजनीतिक दल की संपत्ति बन चुकी है जिसके परिसर सहित भवन की मरम्मत की जिमेदारी कांग्रेस कमेटी को ही उठानी चाहिए। अब जिलाध्यक्ष कोरिया का मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को पत्र लिखकर लॉकिंग टाइल्स बदलने को कहना कितना उचित है समझा जा सकता है।

### क्या यह जिम्मेदारी नगर पालिका बैकुंठपुर की है ?

वैसे जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया के पत्र के बाद सवाल यह भी उठता है की क्या यह जिम्मेदारी नगर पालिका बैकुंठपुर की है। राजीव भवन के समाने की दुकानें भी जिला कांग्रेस कमेटी के मंशा से उन्हे मिली जिन्हे उन्होंने प्रदान की इस मामले में भी नगरपालिका की कोई भूमिका नहीं है तो वह क्यों मरम्मत कराएगी। भवन के लिए भूमि शासन से आबंटित हुई भले ही भू भाटक चुकाकर भवन बनाया गया लेकिन अब वह जिला कांग्रेस कमेटी का अपना भवन है साथ ही परिसर भी ऐसे में वहां नगरपालिका लॉकिंग टाइल्स क्यों लगवाएगी यह बड़ा सवाल है वैसे जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर यह भी साबित कर दिया की सत्ता में रहते हुए उन्होंने अपनी पार्टी के भवन के लिए नगर पालिका के मद की भी राशि जो शहर विकास की राशि होती है उसका भी उपयोग भवन की सुंदरता के लिए किया जबकि भवन सार्वजनिक नहीं एक राजनीतिक दल का भवन है।

### जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोरिया को यह सलाह किसने दी ?

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कोरिया को यह सलाह किसने दी यह भी सवाल है क्योंकि उन्हे राजीव भवन के समाने की दुकान से मिलने वाले किराए से ही मरम्मत कराना चाहिए था क्योंकि राजीव भवन के सामने की दुकानों का किराया नगर पालिका को नहीं मिलता। कहा यह भी जा रहा है की कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शायद अभी भी यह नहीं मान पा रहे हैं की प्रदेश में उनकी सरकार अब नहीं है और उनकी मनमानी अब चलने वाली नहीं है और वह इसी भूलवश ऐसा पत्र लिख रहे हैं और अपनी ही गलतियों को मनमानियो को उजागर कर रहे हैं जो सरकार रहते हुए उन्होंने की है जिसके अंतर्गत एक राजनीतिक दल के निजी भवन के परिसर में लॉकिंग टाइल्स लगवाया गया था।

### पहले शहर के चौपाटी क्षेत्र था राजीव भवन का वर्तमान भवन क्षेत्र

राजीव भवन कोरिया जिस जगह पर बना है वह शहर का चौपाटी स्थल था,शहर का चौपाटी पहले वहीं पर विधिवत स्थापित किया गया था जिसे बाद में नए नगर पालिका भवन के सामने स्थित दुकानों के पीछे कर दिया गया। पहले इस जगह पर नगर पालिका की तरफ से चौपाटी के हिसाब से लॉकिंग टाइल्स लगाया गया था जिसे राजीव भवन के निर्माण के समय निकाल दिया गया था वहीं निर्माण के बाद सरकार में होने के कारण कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर नगर पालिका ने लॉकिंग टाइल्स लगवाया होगा ऐसा माना जा सकता है। अब जब भवन सहित भूमि जिला कांग्रेस कमेटी की तो क्यों नगर पालिका उसके समाने लॉकिंग टाइल्स लगवाएगा।




## मतदाता सूची की अंतिम प्रकाशन को लेकर राजनीतिक दलों के बैठक साथ प्रेसवार्ता का भी हुआ आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण - 2024 अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के संदर्भ में आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किये जाने के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक व उसके पश्चात प्रेस कॉन्फ्रेंस संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के द्वारा उपस्थित जनों को मतदाता सूची के संबंध में आवश्यक जानकारी मुहैया कराई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता 01 जनवरी के तहत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज जिले के सभी मतदान केन्द्रों में किया गया है। सूरजपुर जिले में 01 पूर्ण एवं 03 विधानसभा आंशिक है इस प्रकार सूरजपुर जिले में 04 विधानसभा क्षेत्र क्रमशः 04 प्रेमनगर (275 मतदान केन्द्र), 05 भटगांव ( 300 मत केन्द्र सूरजपुर जिले एवं 06 मतदान केन्द्र सरगुजा जिले के ) एवं 06 प्रतापपुर ( 152 मतदान केन्द्र सूरजपुर जिले के एवं 144 मतदान केन्द्र बलरामपुर - रामानुजगंज के ) है तथा विधानसभा क्षेत्र 10 अम्बिकापुर के एक मतदान केंद्र ( 03 गेतरा ) सूरजपुर जिले में शामिल है। इसके साथ ही उपस्थित जनों को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्राप्त फॉर्म, ई.पी. रेशियो व जेण्डर रेशियो, 18 से 19 वर्ष, 80 प्लस व दिव्यांग मतदाताओं की जानकारी और स्वीप कार्यक्रम से अवगत कराया गया। स अवसर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व सदस्य, पत्रकार बंधु, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी सरकार की योजनाओं व विकसित भारत का संकल्प लेकर 7 लाख गांवों तक पहुंचने का संकल्प : देवेन्द्र तिवारी

## भाजपा की गांव चलो घर चलो अभियान के तहत सोनहत मण्डल में बैठक संपन्न



-संवाददाता-
भरतपुर सोनहत,08 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में बीजेपी के गांव चलो घर चलों अभियान को लेकर भाजपा मण्डल सोनहत द्वारा बुधवार को भरतपुर सोनहत विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र तिवारी व मण्डल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े के उपस्थित में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। विधानसभा प्रभारी देवेन्द्र तिवारी ने बताया कि अभियान के लिए जिले में एक संयोजक एवं दो सह-संयोजक बनाए गए हैं। मंडल स्तर में एक संयोजक एवं एक सह-संयोजक बनाए गए हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अभियान में शामिल होगा देशभर के लगभग 7 लाख गांवों में जाकर भाजपा कार्यकर्ता एक दिन का समय व्यतीत करेगा। अभियान का मुख्य विषय है कि गांव में जो समस्याएं हैं, वहां जाकर लोगों की समस्याओं के बारे में जानेंगे। आम जनता से मिलकर मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही पार्टी की जो गतिविधियां हैं। बूथ कमेटी, स्वच्छता अभियान, बूथों को किस तरह से मजबूत करने पर विचार, वरिष्ठजनों से मुलाकात करेंगे। इस अवसर मुख्य रूप से जिला मंत्री नवरत्न पांडेय भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू केपी सिंह उपाध्यक्ष सुरेश तिवारी संदीप साहू उमा साहू सोनिया राजवाड़े रमेश तिवारी बहादुर सुरेश राजवाड़े सुचित्रा पाल, वैभव सिंह कपिल सिंह दिनेश मारिक सरपंच दुर्बेन चैन राजवाड़े शंभू दयाल सोनू प्रजापति राधे साहू बचनु साहू मेही लाल राजवाड़े हरिश्चंद्र राजवाड़े लीलावती काशी नंदकुमार राजवाड़े वंश गोपाल यादव राजेश यादव नरेश राजवाड़े दीना नाथ संतोष साहू पवन मोहन यादव तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 7 लाख गांवों पर जायेंगे

प्रभारी देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व का बड़ा ही सुनियोजित निर्णय है। मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, सांसद, सभी निवार्चित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सभी मिलकर के गांव में 24 घंटे प्रवास करेंगे। केंद्र सरकार देश के 7 लाख गांवों पर जायेंगे। जिसके अंतर्गत भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ग्राम पंचायत में 24 घंटा अपना निवास करेगी और भाजपा की गरीब कल्याण योजना केंद्र या राज्य सरकार का हो उसको पहुंचने का काम करेगी। भाजपा अलग-अलग लोगों के साथ बैठ कर बातचीत कर विचार भी करेगी। महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों सभी वर्गों के साथ मिलेगी। भाजपा कार्यकर्ता और नेता 24 घंटा अपना समय देंगे और प्रवास करेंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने के लिए सभी वर्ग के लोगों में उत्साह है और इसी उत्साह को यथावत रखने के लिए यह काम करेंगे।

### मोदी सरकार की योजनाओं व विकसित भारत का संकल्प लेकर जाएंगे हर गांवः देवेन्द्र तिवारी

श्री तिवारी ने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विगत 10 वर्षों में देश में जो विकास कार्य हुए हैं, उन सभी कल्याणकारी योजनाओं को लेकर के जन-जन तक जाएंगे। गरीब कल्याण के कार्यक्रम, युवा उत्थान के कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण, किसानों के विकास और उत्थान देश की सुरक्षा एवं सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य जो इन 10 वर्षों में हुआ है। सभी कार्यक्रमों को लेकर के भाजपा कार्यकर्ता, संगठन के पदाधिकारी, सभी जनप्रतिनिधि गांव में प्रवास के लिए जाने की तैयारी किया गया है। उन्होंने कहा कि गांव की वस्तुस्थिति देखते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गांव के प्रमुखों के साथ, गांव की वरिष्ठों के साथ, विभिन्न समाजों के प्रमुख के साथ और सभी वर्गों के साथ मिलकर के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जीतने के लिए गांव चलो अभियान का आयोजन रखा गया है। भाजपा की नवगठित छत्तीसगढ़ की सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने अपने घोषणाओं बहुत ही कम अवधि में उसको क्रियान्वयन करके साबित कर दिया है कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा भी करती है। भाजपा ने मत प्रतिशत बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। हर बूथों में पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट बढ़ाना हमारा लक्ष्य है और हम इस और अग्रसर भी हैं।

# गौ सेवा साधराम यादव के हत्या की जांच सीबीआई से करने राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौपा विज्ञापन

-संवाददाता-
कोरिया,08 फरवरी 2024
(घटती-घटना)।

सर्व यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु के निर्देशानुसार सर्व यादव समाज कोरिया के तत्वाधान मे महामहिम विश्वभूषण हरिचंदन राज्यपाल छत्तीसगढ़/ विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग. को कलेक्टर कोरिया के माध्यम से कबीरधाम जिला के अंतर्गत विकासखंड बोरला के ग्राम लालपुरकला में गौ सेवक साधराम यादव के निर्मम हत्या की जाँच सीबीआई से कराये जाने के लिए ज्ञापन दिया गया।



ज्ञात हो की स्व. साधराम यादव ग्राम लालपुरकला, वि.ख. बोरला, जिला कबीरधाम का निवासी था जो कि बहुत सीधा साधा एव गौ सेवा का कार्य करता था। जिन्हें दिनांक 21-01- 2024 को रात्रि में कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। उक्त घटना की जानकारी परिवार व समाज के लोगो को पता चलने पर समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया के माध्यम से आरोपियों को गिरिफ्तार कर फांसी देने की मांग समाज द्वारा किया गया। मांगों के गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार की है लेकिन वही आरोपी हैं इसका पता नहीं चल पाया है। साथ ही स्व. साधराम यादव को गला रेत कर क्यों मारा गया इसका भी खुलासा आजतक पुलिस द्वारा नहीं की गई है ऐसे गरीब एवं सीधा साधा परिवार के मुखिया का निर्मम हत्या किये जाने से छत्तीसगढ़ के सम्पूर्ण यादव समाज में आक्रोश है तथा उनके व्यक्तित्व को देखते हुए दुखी भी हैं। सर्व यादव समाज जिला कोरिया द्वारा उक्त परिवार को न्याय दिलाने हेतु निम्न मांगो पर कलेक्टर के माध्यम से रखा गया। स्व. साधराम यादव की हत्या का सीबीआई या सीआईडी से निष्पक्ष जाँच कराई जाये। मृतक परिवार को मुवावजा के रूप में कम से कम 1 करोड़ की राशि शासन की ओर से तत्काल उपलब्ध कराई जाये ताकि पारिवारिक व्यवस्था में सुधार हो सके। मृतक परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी दिया जाये ताकि वह अपने परिवार का सही ढंग से भरण पोषण कर सके। उक्त मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाज के भावनाओं सम्मान करते हुए उचित कार्यवाही कर मृतक परिवार को न्याय दिलाने का कष्ट करेंगे! कलेक्टर कोरिया को ज्ञापन के दौरान के हमारे संरक्षक वरिष्ठ सामजिक कार्यकर्ता विजेंद्र कुमार यादव, जिलाध्यक्ष गणेश यादव, युवा जिलाध्यक्ष राम सजीला यादव, महामंत्री गोरेलाल यादव, महामंत्री भुनेशवर यादव, सुभाष यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष फलेंद्र यादव, संगठन मंत्री परमानंद यादव, नरेश यादव, लालचंद यादव, रोहित यादव,भोलाराम यादव (उपसरपंच), चंद्रप्रकाश यादव (उपसरपंच), गुलाब यादव, मीडिया प्रभारी राम कुमार यादव, बैकुंठपुर ब्लॉक युवा अध्यक्ष राजेश यादव, पोडी बचरा अध्यक्ष ईश्वर यादव, सोनू यादव, पुलस्त यादव, नरेश यादव, श्रवण यादव, थलेश्वर यादव, राकेश यादव, मनोज यादव,भरत यादव सहित उपस्थित रहें।

## छात्राओं एवं महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

-संवाददाता-
सूरजपुर,08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्दरई की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विद्यालय में अध्ययन अध्यनरत छात्राओं एवं क्षेत्र की महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 182 छात्राओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श डॉ. प्राची जायसवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया। माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को जागरूक करते हुए डॉ. प्राची जायसवाल ने कहा कि माहवारी प्रत्येक महिला के जीवन की एक सामान्य प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। इस दौरान हमें अपने शारीरिक स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं खान-पान का विशेष ख्याल रखना चाहिए। उन्होंने इस दौरान छात्राओं को सिनेटरी पैड का उपयोग करने एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी राजीव कुमार सिंह, उर्मिला सिंह, वन्दना मिश्रा, लीलावती, सुनिता यादव, अलका मिंज, लीलावती, सरस्वती देवांगन, कौशल्या राजवाड़े , मोनिका सिंह, सुनिता सहित अन्य सक्रिय रहे।

CMYK

# क्या कांग्रेस के तत्कालीन खाद्य मंत्री अमरजीत भगत सबसे भ्रष्ट मंत्री में हो जाएंगे सुमार ?




**हज़ारों करोड़ की हेरा-फेरी सहित जमीन फर्जीवाड़ा में आ रहा नाम...**

**पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत के कई भ्रष्टाचार के हो सकते हैं खुलासे...**

**इनके साथ फर्जीवाड़ी में आईएएस अफसर का भी आ रहा नाम भूमिका संदिग्ध... खुलासे का इंतजार...**

**उनके खुद के विभाग से लेकर ट्रांसफर पोस्टिंग के साथ जमीन फर्जी वाले में आ रहा नाम**

**क्या सहारा की जमीन से बेसहारा हुई अमरजीत की पूरी टीम,250 करोड़ का खेला,केंद्रीय एजेंसी कर सकती है जांच...**

**अंबिकापुर में सीए के यहाँ चली 3 दिन आई टी रेड से कई खुलासे के आसार**

**छत्तीसगढ़ में हज़ारों करोड़ की हेरा-फेरी में ज़मीन फ़र्ज़ीवाड़ा हो सकता है अहम कड़ी**

**सरगुजा में बंगाली ज़मीन को हज़म करने वाले अब जांचा एजेंसी के राडार पर**

**दोनों दलों के कुछ नेताओं ने सिण्डीकेट बना खेला खेल जिसमें कुछ कलेक्टर की भूमिका पूरी तरह संदिग्ध**

**क्या ईडी की एंट्री की भी संभावना...विधानसभा में भी उठेगा प्रश्न?**







-भूपेन्द्र सिंह-
सरगुजा/रायपुर,08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कांग्रेस के भूपेश सरकार के सबसे भरोसेमंद मंत्री अमरजीत भगत अब समस्याओं से घिरते नजर आ रहे हैं इनके ऊपर जो एक साथ कई समस्या आन पड़ी है, जिसमें ट्रांसफर पोस्टिंग के वसूली से लेकर उनके खुद के खाद्य विभाग की वसूली सहित जमीन फर्जीवाड़ा मामला सामने आ रहा है, अमरजीत भगत सरगुजा के सबसे प्रसिद्ध मंत्रियों में शुमार थे अमरजीत भगत का मंत्री बनते ही अचानक उनके चाल-ढाल में परिवर्तन आना आज उन्हीं के लिए मुसीबत बन गया है, जानकार सूत्रों की मानें तो उन्होंने बेतहाशा भ्रष्टाचार किया और अब भ्रष्टाचार का खुलासा परत दर परत होना शुरू हो गया है, भले ही अमरजीत भगत इसे राजनीतिक रूप देने का कोशिश कर रहे हैं पर सभी जानते हैं कि मामला क्या है क्योंकि सरगुजा के जिले में जमीन का भ्रष्टाचार चरम पर है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत उनके निवास व अन्य स्थानों में 5 दिनों तक चली आयकर कार्रवाई कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं । ऐसी जानकारी मिल रही है कि इनकम टैक्स अधिकारियों के पास 26 पेज की लंबी लिस्ट है जिसमें पूर्व खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री द्वारा डीएमएफ फंड और स्थानांतरण पोस्टिंग में किए गए भ्रष्टाचार का उल्लेख है। इसके अलावा चावल,दाल व अन्य अनाजों की कस्टम मिलिंग में भी रकम लिए जाने की बात आईटी की टीम ने की है। आईटी विभाग के अनुसार 250 करोड़ का भ्रष्टाचार हुआ है । जिसके आधार पर जांच केंद्रीय एजेंसी को सुपुर्द किया जा सकता है। आईटी की टीम ने दावा किया है कि उनकी लिस्ट में कांग्रेस शासन के दौरान कई नौकरशाहों, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। इस सूची में पूर्व मंत्री के बेटे आदित्य भगत का नाम लाभार्थियों से रिश्वत लेने और कलेक्शन एजेंट के रूप में बताया जा रहा है । साथ ही टीम ने यह भी दावा किया है कि कांग्रेस शासन के दौरान लगभग 100 करोड़ रुपये रुपए का लेन-देन किया गया है । यह केवल आरंभिक आंकलन के आधार पर तय किया गया है । हालांकि अभी राशि का खुलासा आईटी विभाग ने नहीं किया है । आईटी की जांच में इस बात के सबूत भी मिले हैं कि अवैध कमाई का एक बड़ा हिस्सा,जो कि 250 करोड़ रुपये से अधिक है,इसका इस्तेमाल अचल संपत्तियों को खरीदने के लिए किया गया था। विभाग ने तलाशी अभियान के दौरान रायपुर महासमुंद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पॉश धरमपुरा इलाके में स्थित प्रॉपर्टी से संबंधित दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

## पूरे देश में विपक्ष के खिलाफ टेरर पैदा किया जा रहा

इस बारे में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत का कहना है कि पूरे देश में विपक्ष के खिलाफ टेरर पैदा किया जा रहा है, आईटी भेजकर मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। हर कमरे में आईटी की टीम थी और चप्पे-चप्पे में पुलिस का पहरा था। ऐसा लग रहा था कि दुनिया के सबसे बड़े बेइमान हम ही हैं।

## क्या 23 साल पुराना रिश्ता चढ़ा भ्रष्टाचार की भेट?

सूत्रों का कहना है कि पूर्व मंत्री अमरजीत भगत और हरपाल सिंह अरोरा के बीच करीब 23 साल पुराना रिश्ता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार से पहले और कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान आदिवासी नेता के रूप में मंत्री भगत की संपत्ति में भी बेतहाशा बढ़त हुई है। आईटी के पास लेन-देन के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य मौजूद हैं। आईटी की टीम ने अंबिकापुर जिले से ही भगत के एक और करीबी सहयोगी राजू अग्रवाल से कड़ी पूछताछ की। इस दौरान अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण सबूत मिलने की बात बताई जा रही हैं। जो स्पष्ट कर रहे हैं कि पूर्व मंत्री भगत के कीरीबी अग्रवाल ने अपने संबंधों का लाभ उठाया और करोड़ों का लेनदेन किया। टीम ने उनके आवास को कर अधिकारियों ने सील कर दिया गया था। तलाशी अभियान के पांचवें दिन तक, लगभग 2.50 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी जब्त की गई थी, साथ ही लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के सिक्के और आभूषण भी आईटी की टीम ने जब्त किय है। आगे ऐसी जानकारी मिल रही है कि आईटी की जांच के बाद अब पूर्व मंत्री के खिलाफ जांच का दायरा बढ़ सकता है। भगत से जुड़ी 'बेनामी' संपत्तियों और उन्हें मदद पहुंचाने वालों तक भी केंद्रीय जांच एजेंसियां पहुंच सकती है।




## बंगाली जमीन के घोटाला

बंगाली जमीन के घोटाले में कुछ कलेक्टरों की अहम भूमिका रही है छोटे तबके के लोग जो 5 से 15-20 डिसमिल जमीन लेकर वर्षो से निवासरत हैं उस पर कलेक्टरों ने कोई कार्रवाई नहीं की जबकि बंगालियों ने भारत सरकार द्वारा प्रदत्त दो एकड़,तीन एकड़,चार एकड़ यहां तक की पूरे जमीन को भू माफिया को बेंच दिया जिसे प्लाटिंग कर करके भू माफिया भारी कीमतों में बेच रहे हैं इसकी भी जांच की जानी चाहिए वही जो छोटे तबके लोग वर्षों से घर बना कर रह रहे हैं उसपर भी भू माफियों की नजर है जो जमीन मालिकों से मिलकर उनके जमीन को खरीदते हैं व प्रशासन के सह पर गुंडागर्दी कर उन्हें बेदखली करने की कोशिश भी करते हैं इसकी भी जांच होनी चाहिए। इस मुद्दे की शिकायत पीएमओ से भी कर रहा है क्योंकि कुछ कलेक्टर इसमें दोषी इसलिए हैं क्योंकि वो यहाँ से ट्रांसफर आदेश आने के बाद ही बंगाली ज़मीन के लिए परमिशन आनन फानन में देते हैं और चलते बनते हैं ! जी एस धनंजय जो यहाँ कलेक्टर थे उन्होंने तो रिकॉर्ड बना डाला साथ ही सरगुजा से अलग कर सूरजपुर बना और यहाँ की महिला कलेक्टर ने तो ताबड़तोड़ परमिशन देकर भूमाफियाओं की चांदी कर दी। सूत्रों की माने तो संजीव कुमार झा ने भी मनपसंद लोगों को परमिशन दी, लेकिन कई आई ए एस जो नियम कानून जानते हैं वो इससे दूर रहने में ही भलाई समझे !लकड़ी कारोबारी के यहाँ आई टी की रेड हुई यहाँ भी पैनी नज़र है, कई लोगों ने पहल को नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस फ़र्ज़ीवाड़े में प्रति एकड़ 20 से 30 लाख रूपये के कमीशन का खेल चलता है और भू माफिया हाथ पैर तोड़ने से लेकर जान से मारने तक की धमकी देकर कमजोरों से जबरन दबाव बना भी हस्ताक्षर करवा के अरबों का खेल खेल चुके हैं जिसमें प्रशासन का पूरा सहयोग इन माफियाओ के साथ रहता हैं।




## सहारा शहर का निर्माण हुआ अवैध

बता दें कि 150 एकड़ की विशाल संपत्ति उसी स्थान पर स्थित है जहां सहारा शहर का निर्माण प्रस्तावित था। इस संपत्ति की खरीद दो हिस्सों में की गई,जिसमें पहले हिस्से में 120 एकड़ जमीन और फिर दूसरी किस्त में 30 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया। दोनों ही खरीद जांच के दायरे में बताया जा रहा हैं क्योंकि जिस कीमत पर 120 एकड़ जमीन खरीदी गई थी वह भारतीय स्टॉक एक्सचेंज बोर्ड के नियंत्रण में होने के बावजूद कीमत से काफी कम है। साथ ही स्थानीय किसानों से शेष 30 एकड़ जमीन का सौदा 10 करोड़ रुपये से अधिक नकद के माध्यम से किया गया था। आईटी विभाग ने दावा किया है कि सभी भूमि सौदे,ज्यादातर 'बेनामी', पूर्व मंत्री भगत के इशारे पर हरपाल सिंह अरोड़ा द्वारा किए गए थे। साथ ही मंत्री भगत ने कांग्रेस शासन में मंत्री के रूप में अपने प्रभाव और शक्ति का उपयोग करते हुए दिसंबर, 2023 में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से विकास और लेआउट भी पास करवा लिया। आईटी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने आयकर अधिनियम की धारा 131 के तहत कम से कम 15 किसानों के बयान दर्ज किए हैं, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया है कि उन्होंने मध्यस्थ कैलाश बजाज के माध्यम से हरपाल सिंह अरोड़ा को अपनी जमीन बेची थी। हरपाल अरोड़ा के अलावा पवन गुलानी और भागवत वर्मा का नाम भी इसमें शामिल किया गया है।

## कलेक्टर ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षकों की कमी को दूर करने के दिए निर्देश

-संवाददाता-
कोरबा 08 फरवरी 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर अजीत वसंत ने डिंगापुर स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली और अध्ययन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा और सहायक आयुक्त श्री श्रीकांत कसेर उपस्थित थे। कलेक्टर ने प्रयास विद्यालय में छात्रों की मांग के अनुसार समय सारणी में परिवर्तन करते हुए सुबह 09:30 बजे से शाम 04 बजे तक विद्यालय संचालन करने के निर्देश दिए।

**NAME CHANGE**

I AMRIT KUMAR MINJ S/o BERNARD SAMUEL MINJ Resident of Infront Of Dashmesh public School, Patpariya, Ambikapur Surguja hereby declare that I have changed my name from AMRIT KUMAR MINJ to AMRIT MINJ S/o BERNARD SAMUEL MINJ in all the Government approved Identity proofs to be used for various purpose in the future.

Deponent
NAME: AMRIT MINJ
Address:- Imfront of Dashmesh Public School Patpariya, Ambikapur Surguja

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

प्रोफार्मा 10–01

**सार्वजनिक अधिसूचना**

रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतत्द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खण्ड पर नये एसी 2x25 केवी, सिंगल फेज़, सब सेक्शनिंग और पैरेलिंग पोस्ट (एस.एस.पी) का 3 नग ऑटो ट्रांसफार्मर, 08 नग बी.एम, 03 नग पी.टी 04 नग एल.ए बैटरी के चार्जर, एटी के साथ उर्जायन लोकेशन किलोमीटर 931/15A-21 A घुन्घुटी स्टेशन के पश्चिम में एस. ई. सी. रेलवे (बिलासपुर) मंडल में।

विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद में उर्जित किया जाएगा। उस तारीख पर और उस तारीख से घुन्घुटी सब–सेक्शनिंग और पैरेलिंग पोस्ट (एस.एस.पी) शिरोपरी लाईन को सब समय विद्युन्मय माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाईन की सामीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| कार्य की विवरण खण्ड/स्टेशन | मंडल | क्रियाशीलन की तारीख |
|---|---|---|
| नये एसी 2x25 केवी, सिंगल फेज़, सब सेक्शनिंग और पैरेलिंग पोस्ट (एस.एस.पी) | बिलासपुर द.पू.म. रेलवे | 15.02.2024 |

का 3 नग ऑटो ट्रांसफार्मर, 08 नग बी.एम, 03 नग पी.टी 04 नग एल.ए बैटरी के चार्जर, एटी के साथ उर्जायन लोकेशन किलोमीटर 931/15A-21 A घुन्घुटी स्टेशन के पश्चिम में एस. ई. सी. रेलवे (बिलासपुर) मंडल में।
दिनांक : 02.02.2024.

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/मुख्यालय
सीपीआर/10/423 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

RO.No 1715

**न्यायालय समक्ष प्राधिकारी (व्यपवर्तन) एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा0) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ0ग0**

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण ग्राम सलका की आम जनता को इस ईश्तहार के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार सिंह आ0 श्री धनंजय सिंह जाति सामान्य निवासी ग्राम गोदरीपारा चिरमिरी तहसील चिरमिरी जिला-एमसीबी छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सलका प0ह0नं0 12 तहसील बैकुण्ठपुर स्थित भूमि ख0 नं0 425/28, 438/18 रकबा 0.0500, 0.0100 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भू-व्यपवर्तन बावत् आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा, बी-1 नक्शा संहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 23/02/2024 को 11:00 बजे आपत्ति पेश कर सकते है। निर्धारित समायावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 07/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी।

सील अनुविभागी अधिकारी व्यपवर्तन (रा.) बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमंत सिंह ओरकारा आ0 गंगाराम सिंह जाति चेरवा निवासी अजिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अजिरमा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 963/2 रकबा 0.040 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, पंचायत प्रस्ताव, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/02/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राम त्रिपाठी पत्नी रामकेश त्रिपाठी जाति ब्राम्हण निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 263/17 रकबा 0.022 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 24/02/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 08/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0...अ-2/2023-24

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा गुप्ता आ0 सुनील गुप्ता जाति तेली निवासी मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आपधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मायापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा खसरा नंबर 228/29 रकबा 0.016 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवसीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा, भूमि उपयोगिता प्रमाण-पत्र ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 20/02/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 05/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के जारी।

सील अनुविभागीय अधिकारी रा. अम्बिकापुर

# आखिरी 3 टेस्ट मैंचों के लिए इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया के स्क्वायॅड का ऐलान जल्द



### कोहली-जडेजा की वापसी पर संस्पेंस

**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024।** बीसीसीआई इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट मैचों के लिए स्क्वॉड का ऐलान जल्द करेगा। अभी तक भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में से दो टेस्ट खेले जा चके हैं। जिनमें से एक इंग्लिश टीम ने तो दूसरा भारत ने जीता है जिससे दोनों टीमें सीरीज में 1-1 की बराबरी पर हैं। वहीं तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। लेकिन इससे पहले फैंस को आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का बेसब्री से इंतजार है। दरअसल, विराट कोहली को लेकर फैंस में उत्साह है कि वो तीसरे टेस्ट में खेलें। हालांकि, इस पर अभी तक कोई भी जानकारी नहीं आई है। सब जानना चाहते हैं कि क्या कोहली अब उपलब्ध हैं, क्योंकि शुरुआती 2 मुकाबलों में वो निजी कारणों से बाहर हो गए थे।

### विराट कोहली की वापसी मुश्किल

वहीं कोहली के दोस्त और साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने एक लाइव शो में बताया था कि कोहली जल्द दूसरी बार पिता बनने जा रहे हैं इसलिए इस समय वह परिवार के साथ रहना चाहते हैं। अभी जो खबर है उसके अनुसार विराट कोहली अगले 2 टेस्ट मैच के लिए उलब्ध नहीं रहेंगे, ऐसे में बोर्ड उन्हें सिर्फ पांचवें टेस्ट में शामिल कर सकती है।

### विकेटकीपिंग का जिम्मा किसे ?

शुरुआती 2 मुकाबलों में केएस भरत ने विकेटकीपिंग की थी, वह अहम समय पर बल्लेबाजी करने भी आए लेकिन वो कमाल दिखाने में नाकामयाब रहे। केएस भरत के साथ युवा खिलाड़ी ध्रुव जुरेल विकेट कीपर थे, जिन्हें शायद आखिरी तीन मुकाबलो में भी जगह दी जा सकती है। फैंस चाहते हैं कि ईशान किशन को टीम में शामिल किया जाए, लेकिन मैनेजमेंट चाहता है कि वह पहले घेरलू मैच खेले जबकि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। जिस कारण ईशान का टीम में शामिल होना मुश्किल है। वहीं विकेटकीपर के एक विकल्प केएल राहुल भी हैं, जो दूसरे टेस्ट में चोटिल हो कर बाहर हो गए थे।

### राहुल-जडेजा की वापसी!

साथ ही केएल राहुल और रविंद्र जडो दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे जिस कारण वो बाहर हो गए थे। फिलहाल वो अभी बेंगलुरु स्थित एनसीए में हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि केएल राहुल टीम में वापसी कर सकते हैं क्योंकि उनकी चोट गंभीर नहीं थी। वहीं जडेजा की वापसी मुश्किल बताई जा रही है।

## तीसरे टेस्ट में रविंद्र जडेजा की होगी वापसी? आया बड़ा अपडेट

भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। राजकोट भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का घरेलू मैदान है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जडेजा हैमस्ट्रिंग के चलते बाहर हो गए थे। फिलहाल मौजूदा समय में वो एनसीए में हैं, जहां वो अपनी चोट से उबर रहे हैं। वहीं अब उनके तीसरे टेस्ट में खेलने को लेकर बड़ा अपडेट आया है। बीसीसीआई जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मुकाबलों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान करेगा। वहीं बीसीसीआई अधिकारियों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि ज्यादा संभावना है कि रविंद्र जडेजा तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

अधिकारी का कहना है कि, हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर होने के बाद रविंद्र जडेजा ने भी अच्छी प्रगति दिखाई है। टीम प्रबंधन को भरोसा है कि वह अपने घरेलू मैदान पर भी खेलने के लिए उलब्ध रहेंगे।

गौरतलब है कि, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर हैं। हैदराबाद में खेला गया पहला टेस्ट इंग्लैंड ने जीता था तो दूसरा विशाखापट्टनम टेस्ट में भारत ने अपनी हार का बदला लेते हुए विजयी पताका फहराया था।



## एमबापे ने दागा गोल

### ब्रेस्ट को हराकर पीएसजी फ्रेंच कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**सेंटियागो,08 फरवरी 2024।** किलियान एमबापे ने मौजूदा सत्र का अपना 30वां गोल दागा जिससे पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने ब्रेस्ट पर 3-1 से जीत के साथ फ्रेंच कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल अपनी जगह पक्की की।

इस जीत के साथ ही टीम का अजेय क्रम 15 मैचों तक पहुंच गया। पीएसजी के साथ जून में मौजूदा अनुबंध के खत्म होने के बाद रीयल मैड्रिड जाने की अटकलों के बीच एमबापे इस सत्र में शानदार लय में है। 'ओप्टा' के आंकड़ों के मुताबिक फ्रेंच कप के 28 मैचों में उन्होंने 35 गोल किये हैं और 15 गोल में दूसरे खिलाड़ियों की मदद की है। पिछले चार मैचों में उन्होंने 11 गोल दागे हैं। उन्होंने मैच के 34वें मिनट में टीम का खाता खोला जिसके तीन मिनट के बाद डानिलो परेरा ने टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया।

मध्यांतर के बाद एमबापे टीम को 3-0 से आगे करने से चूक गये जब उनका प्रयास क्रॉसबार से टकराकर विफल हो गया। स्टीव मौनी ने 65वें मिनट में गोल कर ब्रेस्ट की वापसी कराई लेकिन कोनकालोस रामोस ने आखिरी क्षणों (90+ दो मिनट) में पीएसजी को 3-1 से आगे कर दिया। अन्य मुकाबलों में सात बार के फ्रांस के चैंपियन लियोन ने लिली के खिलाफ 2-1 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। नीस ने मोंटपेलियर को 4-1 से शिकस्त देकर अंतिम आठ में जगह बनायी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### टी 20 विश्व कप प्रशंसकों के लिए एक कार्निवल जैसा अनुभव होगा:टूर्नामेंट निदेशक




**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024।** पुरुष टी20 विश्व कप के नौवें संस्करण में 16 से बढ़कर 20 टीमें होने का मतलब है कि क्रिकेट प्रशंसकों का एक बड़ा समूह अपनी पसंदीदा टीमों के मैच देखने के लिए उत्सुक होगा। अब चाहे वह स्टेडियम में बैठकर हो या अपने घरों में, लेकिन एक बात तय है कि क्रिकेट फैंस इस टूर्नामेंट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।किसी भी खेल में टूर्नामेंट की सफलता सीधे तौर पर प्रशंसकों की संख्या और खेल के प्रति उनके जुनून पर निर्भर करती है जिससे खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और अपने खेल को लगातार विकसित करने की प्रेरणा मिलती है।आईएएनएस' ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के टूर्नामेंट निदेशक फव्वाज बख्श से विशेष रूप से बात की। इस शोपीस इवेंट को प्रशंसकों के लिए एक भव्य अवसर बनाने के उद्देश्य और उठाए गए कदमों और टूर्नामेंट को और बेहतर बनाने के क्या पैरामीटर होंगे ।

### स्विट्जरलैंड पर्यटन ने नीरज चोपड़ा को किया सम्मानित



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024।** भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को स्विट्जरलैंड के जंगफ्राउजोक में मशहूर 'आइस पैलेस' में पट्टिका लगाकर सम्मानित किया गया जहां कई और स्टार खिलाड़ियों की पट्टिकायें लगी हुई हैं। वहीं नीरज चोपड़ा की शानदार उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए स्विट्जरलैंड पर्यटन ने एक बयान में कहा कि जंगफ्राउजोक ने स्मारक पट्टिका का अनावरण करने के लिए इस एथलीट का स्वागत किया।

## मोहम्मद शमी ने पूर्व पाक क्रिकेटर को लताड़ा

### वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पेसर पर किया था कमेंट



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं इन दिनों शमी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा को लताड़ते हुए नजर आए हैं। दरअसल, उन्होंने वनडे वर्ल्डकप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या बीसीसीआई भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे।

पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हुआ था। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा, साथ ही टीम के गेंदबाजों ने दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। जिस पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा ने एक टीवी शो में कहा था कि, आईसीसी या बीसीसीआई भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहा था, जिससे भारतीय पेसर्स को बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर भी दूसरे देशों के गेंदबाजों की तुलना में ज्यादा स्विंग मिल रही थी।

हसन रजा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच के बाद कहा था कि, ऐसा लगता है कि गेंद दूसरी पारी में बदल जाती है। मुझे लगता है कि आईसीसी, अंपायर या बीसीसीआई भारतीय तेज गेंदबाजों को अलग गेंद दे रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 350 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की तो हालत खराब हो गई और वो पूरी तरह पिछड़ गई। जिस तरह शमी ने अपनी पहली गेंद फेंकी। यहां तक कि एंजेलो मैथ्यूज भी हैरान रह गए थे। जब हम खेल रहे थे, तो केवल एक गेंद का इस्तेमाल होता था और स्विंग के साथ-साथ रिवर्स स्विंग भी होती थी।

## एशिया कप फाइनल में जॉर्डन से भिड़ेगा कतर



**दोहा,08 फरवरी 2024।** अकरम अफीफ और अलमोएज अली के शानदार प्रदर्शन से गत चैंपियन कतर ने एएफसी एशिया कप सेमीफाइनल में ईरान को 3-2 से हरा दिया। अली के देर से विजयी गोल ने 2019 एशिया कप विजेता को फाइनल में पहुंचा दिया, जहां शनिवार को लुसैल स्टेडियम में उसका सामना जॉर्डन से होगा।कतर के मुख्य कोच मार्केज़ लोपेज ने कहा, हमारे पास अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए एक अंतिम मैच बचा है।समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, मैच के चार मिनट बाद ही ईरान ने गतिरोध तोड़ दिया, जब कतर के डिफेंडरों के दाहिनी ओर से लंबे थ्रो-इन को विफल करने के बाद सरदार आजमौन ने एक शानदार ओवरहैड किक मारी। हालाँकि, मेजबान टीम को बराबरी के लिए ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़ा। 17वें मिनट में, अफीफ के बैकपास के बाद बॉक्स के बाहर से जस्सेम गेबर का शॉट ईरान के गोलकीपर अलीरेज़ा बेरानवांड को छका गया। अफीफ ने अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और 43वें मिनट में एक सनसनीखेज एकल गोल करके कतर को 2-1 से आगे कर दिया, क्योंकि उसने बाईं ओर से पेनल्टी क्षेत्र में प्रवेश किया और दाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोल कर दिया। पांच गोल के साथ अफीफ अब गोल्डन बूट की दौड़ में इराक के अयमन हुसैन से सिर्फ एक गोल पीछे हैं।51वें मिनट में ईरान ने तेजी से वापसी की, दूसरे हाफ में ईरान द्वारा अधिक मौके बनाने के बावजूद, कतर ने 82वें मिनट में फिर से बढ़त बना ली, जब अब्दुल अज़ीज़ हातेम ने अनमार्क अली को गेंद दी, जिसने गेंद को कोने में डाल दिया। स्टॉपेज समय में, तेजी से ब्रेक के दौरान शोजा खलीलजादेह द्वारा अफीफ को नीचे लाया गया, और ईरानी खिलाड़ी को वीएआर जांच के बाद बाहर भेज दिया गया।

## वेर्नोन फिलैंडर ने कहा:20 डब्ल्यूसी 2024 में जसप्रीत बुमराह मचाएंगे तूफान



**नई दिल्ली,08 फरवरी 2024।** क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1-1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे।

वहीं फिलैंडर ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि, बुमराह इस समय बेहतरीन गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है।

उन्होंने आगे कहा कि, वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिये मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी20 क्रिकेट में यही तो चाहिये। मुझे लगता है कि वह टी20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। बता दें कि, टी20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा।

पूर्व दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी ने मोहम्मद शमी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिये 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा ,'' भारत के मौजूदा तेज गेंदबाजों से मैं काफी प्रभावित हूं। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बखूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।''


फिलैंडर ने कहा कि विदेशी सरजमीं पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों का टीम में होना भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा ,''जब भी भारतीय टीम यहां आती है तो पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करती है।



## गल्फ जाइंट्स ने दुबई कैपिटल्स को 19 रन से हराया

**दुबई,08 फरवरी 2024।** शानदार टीम वर्क और लचीलेपन के प्रदर्शन के माध्यम से, गल्फ जाइंट्स ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 126 रनों के मामूली स्कोर का बचाव करने के लिए कड़ी मेहनत की और दुबई कैपिटल्स पर 19 रन से जीत हासिल की। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में ढ्ढरुञ्20 सीज़न 2 के 24वें मैच में । यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में बचाव किया गया सबसे कम स्कोर था। यूएई के 18 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर अयान अफजल खान ने मैच के महत्वपूर्ण चरण में दो विकेट हासिल किए, जबकि उनके कप्तान जेम्स विंस ने दो रन आउट कर कैपिटल्स को आसान लक्ष्य का पीछा करने से रोक दिया।

## जॉन अब्राहम की मास एक्शन फिल्म वेदा का एलान




हीरो को मौत के घाट उतारने की कोशिश करने वाले जॉन अब्राहम अब रक्षक बनकर हीरोइन को बचाते हुए दिखाई देंगे। जॉन को आखिरी बार शाह रुख खान की फिल्म पठान में एक्स एजेंट के रूप में देखा गया था। अब वह निखिल आडवाणी की आगामी फिल्म में धुआंधार एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं।

जॉन अब्राहम ने अपने चाहने वालों को सरप्राइज देते हुए एक पोस्ट किया। आज उनकी आगामी फिल्म वेदा की अनाउंसमेंट हुई है। काफी समय से चर्चा थी कि जॉन अब्राहम एक्ट्रेस शरवरी वाघ के साथ फिल्म करने जा रहे हैं। तब से जॉन और शरवरी की फिल्म की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब थे। अब फाइनली इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है।जॉन अब्राहम की नई फिल्म वेदा की अनाउंसमेंट एक शानदार पोस्टर के साथ की गई है। फिल्मफेकर निखिल आडवाणी ने सोशल मीडिया पर वेदा का धांसू पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के जरिए जॉन और शरवरी का दमदार फर्स्ट लुक रिवील किया गया है। इसमें दोनों का आधा चेहरा नजर आ रहा है। जॉन की आंखों में तेज गुस्सा है, तो वहीं शरवरी के आंखों में गुस्से के साथ आंसू भी है। वह अभिनेता के पीछे खड़ी हैं। इस पोस्टर के साथ निखिल आडवाणी ने कैप्शन में लिखा, वेदा। इसके लिए इंतजार करिए। उसे एक रक्षक की जरूरत है। उसे एक हथियार मिल गया है। फिल्ममेकर ने सिर्फ दमदार पोस्टर ही नहीं, बल्कि फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी है। यह फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।

वेदा में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ के अलावा स्त्री अभिनेता अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, जबकि कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। जॉन अब्राहम ने अभिनय के साथ फिल्म का निर्माण भी किया है।

## कृति सेनॉन ने शॉर्ट ड्रेस में फ्लॉन्ट किए टोन्ड लेग्स,किलर पोज ने जीत लिया दिल



एक्ट्रेस कृति सेनॉन अपनी अपकमिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर काफी चर्चा में है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की रिलीज से पहले कृति सेनॉन स्पॉट हुई हैं। कृति सेनॉन का नया लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन नई तस्वीरों में कृति सेनॉन अपने नए लुक में दिखाई दीं। कृति सेनॉन इस दौरान शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दीं। कृति सेनॉन की शॉर्ट ड्रेस को देखने के बाद लोग देखते ही रह गए। तो चलिए देखते हैं कृति सेनॉन का नया लुक जो सोशल मीडिया पर गदर काट रहा है। कृति सेनॉन की अभी हाल ही में जो तस्वीरें सामने आई हैं। उन फोटोज में कृति सेनॉन शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की ये शॉर्ट ड्रेस एकदम अलग ही डिजाइन की थी, जिसे देखने के बाद लोग देखते रह गए। कृति सेनॉन इस वायरल हो रही तस्वीर में ईयररिंग्स पहने दिखाई दीं। कृति सेनॉन की ईयररिंग्स लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। कृति सेनॉन इस तस्वीर में अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की ये अदा लोगों का दिल लूट रही है। कृति सेनॉन इस तस्वीर में किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन के किलर पोज पर लोग दिल हार बैठे। कृति सेनॉन इस तस्वीर में एक प्यारी सी स्माइल पास करती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की स्माइल फैंस का दिल लूट रही हैं। कृति सेनॉन के इस नए लुक को देखने के बाद यूजर्स इसकी जमकर तारीफ करते हुए नजर आए। कृति सेनॉन का ये लुक आते ही छा गया। कृति सेनॉन इस तस्वीर में अपने सादगी भरे अंदाज में दिखाई दीं। कृति सेनॉन की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए। कृति सेनॉन की इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए यूजर्स ने एक्ट्रेस को सबसे हसीन बता डाला। कृति सेनॉन के इस लुक पर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं।एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति की इस ड्रेस की कीमत 1.9 लाख रुपये है।इस ड्रेस में कृति की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। धर्मेंद्र और डिंपल कपाड़िया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने मिलकर किया है।

## गुरु रंधावा और साईं मांजरेकर स्टारर कुछ खट्टा हो जाय का ट्रेलर हुआ रिलीज




हिंदी सिनेमा के जाने-माने गायक, गीतकार और संगीतकार गुरु रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं।उन्होंने हाल ही में अपनी पहली फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का ऐलान किया था। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।सई मांजरेकर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।अब कुछ खट्टा हो जाए का ट्रेलर सामने आ चुका है, जिसकी कहानी रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है।कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान जी अशोक ने संभाली है।फिल्म की कहानी विजय पाल सिंह ने लिखी है। अमित भाटिया और लवीना भाटिया फिल्म के निर्माता हैं।कुछ खट्टा हो जाए में इला अरुण, अतुल श्रीवास्तव, परेश गनात्रा और परितोष त्रिपाठी भी हैं। यह फिल्म आगरा पर आधारित है। कहानी दो प्रेमियों और उनके परिवारों के इर्द-गिर्द घूमती है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए गुरु ने कहा, हम सभी ने फिल्म में अपना योगदान दिया है, इस फिल्म में सभी सुपरस्टार हैं, लेकिन, आप लोगों को फिल्म को मेगा सुपरस्टार बनाना है। यह फिल्म एक आम आदमी के जीवन के बारे में है। हम चाहते हैं कि आप सभी फिल्म देखें और इसका समर्थन करें। सई ने कहा, यह क्रू सबसे दयालु, मधुर और सबसे मजेदार रहा है और यह स्क्रीन पर दिखता है। ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि हमने कितना मजा किया है, हमने फिल्म में कितना प्यार डाला है। मुझे उम्मीद है कि प्यार सौ गुना वापस आएगा। पूरे फिल्मांकन का अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैं बहुत खुश हूं। गौरतलब है कि अभिनय की दुनिया में दस्तक देने से पहले गुरु रंधावा ने अपनी आवाज से लाखों लोगों को दीवाना बनाया है। उन्होंने अपने करियर में लाहौर, पटोला, तेनु सूट सूट करदा और बन जा तू मेरी रानी जैसे सुपरहिट गानों में अपनी आवाज दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### धान की राशि में करोड़ों की आर्थिक अनियमितता



**तहसीलदार पर गिरी गाज**

**रायपुर, 08 फरवरी 2024(ए)।** प्रभारी तहसीलदार रामानुजगंज विष्णु गुप्ता निलंबित कर दिया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक धान खरीदी के दौरान अन्य रकबा में धान विक्रय करने के संबंध में प्रभारी तहसीलदार के खिलाफ हुई थी शिकायत। वहीं अब इस मामले में जांच के दौरान संलिप्त पाए जाने पर प्रभारी तहसीलदार विष्णु गुप्ता को आयुक्त सरगुजा संभाग ने निलंबित कर दिया है।

### राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंची छत्तीसगढ़



**कहा लोगों से झूठ बोल रहे पीएम मोदी**

**रायपुर, 08 फरवरी 2024(ए)।** राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पहुंच गई है। रायगढ़ पहुंचने से पहले छत्तीसगढ़ सीमा पर राहुल गांधी का जबरदस्त स्वागत किया गया है। इसके बाद राहुल की यात्रा रेंगालपाली में ध्वज हस्तान्तरण के लिए पहुंची है और अब वे आम सभा को संबोधित करेंगे। खबर है कि रेंगालपाली में राहुल गांधी की सभा का भी आयोजन किया गया है।उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के बड़े-बड़े उद्योगपति चीन से माल खरीदकर आपको बेचते हैं। इससे चीन का पैसा बनता है, रोजगार चीन के युवाओं को मिलता है।

# महादेव सट्टा के आरोपियों पर बुलडोजर कार्रवाई की जरूरत

## विधायक रिकेश सेन ने कहा पुलिस अधिकारियों सहित 20 हजार से ज्यादा लोग संलिप्त

### महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ के बाराती भिलाई में खुलेआम घूम रहे:रिकेश सेन




**रायपुर, 08 फरवरी 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन महादेव सट्टा ऐप का मामला जमकर गूंजा है। विधायक रिकेश सेन, राजेश मूणत ने महादेव सट्टा ऐप मामले में दोषियों पर कार्रवाई का मुद्दा उठाया है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि जो भिलाई खेल और शिक्षाधानी के रूप में जाना जाता था, अब महादेव के रूप में पहचाना जाने लगा है। मेरा मूल प्रश्न यही है कि मेरी विधानसभा से बीस हजार से अधिक युवा इसमें संलिप्त है लेकिन इनके साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी महादेव ऐप के संरक्षक थे और उन्होंने खुद भी आईडी संचालन किया है। दुर्ग जिले में पिछले पांच वर्षों में लगातार ऐसे लोगों की पोस्टिंग रही है। पुलिस प्रशासन के लोगों के पास खुद के पास महादेव आईडी है, अधिकारियों के पास, राजनैतिक दल के अलग अलग नेताओं के पास महादेव आईडी है लेकिन आज तक केवल 90 छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर उन्हें भी मुचलका कर छोड़ दिया गया। इसमें सहयोग करने वाले राजनीतिक लोगों और पुलिस अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और बताया गया कि तात्कालीन मुख्यमंत्री का भी इनको संरक्षण था। इसलिए अध्यक्ष महोदय महादेव ऐप्प के सौरभ चंद्राकर की शादी में जो अफसर और लोग बाराती बने थे उन पर भी कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। गृह मंत्री ने कहा बारातियों की लिस्टिंग हो रही है जबकि नेशनल मीडिया में सारी लिस्ट आ चुकी थी। महादेव ऐप्प के सभी आरोपी और बाराती आज भी भिलाई में खुलेआम घूम घूम रहे हैं,उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है और जो एडिशनल एसपी जिले में पोस्टिंग होकर,जो एसपी और आईजी खुद महादेव आईडी की प्रोटेक्शन मनी लेकर खुद भी आईडी चलाते रहे उन पर क्या कार्रवाई होगी?

गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि सदस्य की चिंता वाजिब है, कानून कड़ा होना चाहिए और कानून की नजर में कोई छोटा या बड़ा हरगिज नहीं होना चाहिए। वैसे गिरफ्तारी के संदर्भ में उनके आंकड़े को मैं दुरुस्त कर दूं कि 482 लोगों की गिरफ्तारियां हुई हैं, जिन अधिकारियों के संदर्भ में चर्चा है, ईडी के चालान के संदर्भ में लेने या सोशल मीडिया पर यह मीडिया पर प्रचलित सारे विषयों को लेकर के जो बात चल रही है, प्रमाणिकता की बात है एक बार प्रमाणित होने के बाद सदस्यों को इस विषय पर कार्यवाहियां होती दिखेंगी,उनको चिंता करने की आवश्यकता नहीं होगी।

आपको बता दें कि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भी आज विधानसभा में महादेव सट्टा ऐप के प्रकरण पर जमकर मुखर दिखाई पड़े। उन्होंने कहा कि भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के 20 हजार से ज्यादा लोग इस मामले में जुड़े हैं, अधिकारी और पुलिस विभाग के लोग जुड़े हैं लेकिन सिर्फ 90 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। ऐसे में कैसे कार्रवाई होगी? विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि गृहमंत्री को उत्तर प्रदेश जाकर योगीजी से बुलडोजर कार्रवाई की जानकारी लेनी चाहिये। चार-पांच लोगों का घर बुलडोजर से गिरवाईये,तो सब ठीक हो जायेगा। कितना नियम कायदों में चलोगे। यहां अब बुलडोजर टाइप कार्रवाई की जरूरत है। गृह मंत्री ने कहा ये मामला काफी संवेदनशील है। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी जांच कर रही है। उन्होंने चालान पेश कर दिया है। एक बार जांच पूरी हो गयी, तो

### प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से भी कम

#### वित्त मंत्री चौधरी ने पूर्व की सरकार पर फोड़ा ठीकरा



छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2023-24 पटल पर प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्रदेश की जीडीपी विकास दर और प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय आय से भी कम है, इसका जिम्मेदार उन्होंने कांग्रेस की सरकार को ठहराया। विधानसभा में वित्तमंत्री ओ पी चौधरी ने राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण पेश करने के बाद मीडिया से चर्चा की।

### महादेव सट्टा ऐप्प में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा : उपमुख्यमंत्री

#### विधायक राजेश मूणत ने सदन में उठाया मामला



विधानसभा के बजट सत्र में महादेव सट्टा ऐप्प का मामला गूंजा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने महादेव एप का मामला उठाते हुए संलिप्त अफसरों को बचाने का आरोप लगाया। इसके जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने भरोसा दिलाया कि मछली ही नहीं अगर मगरमच्छ भी होगा तो जरूर पकड़ा जाएगा। बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि महादेव एप के नाम से राज्य में एक गोरखधंधा चला। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लोग इनवॉल्व हैं। यह संवेदनशील मुद्दा है। वैशालीनगर विधानसभा से ही करीब बीस हजार युवा महादेव सट्टा से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि करीब 90 केस दर्ज किए गए हैं। सरकार,जिस पर सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है। उसी सरकार ने गिरोहबंदी कर योजनाबद्ध तरीक़े से युवाओं को इस अवैध काम में झोंक दिया। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि मामले में किन-किन लोगों के खिलाफ़ कार्रवाई हुई?

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस मामले की जांच जारी है। जांच और बयान के आधार पर किसी को फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता। तथ्य प्रमाणित होने के बाद विष्णुदेव सरकार कार्रवाई करने में एक घंटा भी नहीं लगाएगी. इस मामले में जो भी दोषी होगा चाहे वह किसी भी दल का क्यों ना हो सब पर कार्रवाई होगी।

### आत्मानंद स्कूल के नाम पर हुए करोड़ों के घोटाले की होगी जांच

#### शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने कहा अगले सत्र से दूसरे स्कूलों की तरह अब स्कूल शिक्षा विभाग संचालित करेगी स्वामी आत्मानंद स्कूल



छत्तीसगढ़ में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल का संचालन अब कलेक्टर की अध्यक्षता वाली कमेटी नहीं करेगी। स्कूल शिक्षा विभाग इसकी सतत मॉनीटरिंग करेगी तथा स्कूल का संचालन शिक्षा विभाग के अंतर्गत होगा। पिछली सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वामी आत्मानंद स्कूल को लेकर सदन में मुद्दा गूंजा। ध्यानाकर्षण में अजय चंद्राकर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल में मेंटेनेंस के नाम पर घोटाला का मुद्दा उठाया। जवाब में शिक्षा मंत्री ने इस मामले को देखवा लेने की बात कही, तो चंद्राकर ने कहा कि स्कूल शिक्षा मंत्री से साधारण उत्तर की उम्मीद नहीं थी। शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी के फंड से मेंटेनेंस की व्यवस्था की गयी है। जिसके बाद अजय चंद्राकर ने स्मार्ट सिटी के माध्यम से मेंटेनेंस कराने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए पूछा क्या, अध्यक्ष खुद चढ़कर पोताई किए हैं ?

शिक्षा मंत्री ने पूर्व के खर्च को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि 800 करोड़ खर्च कर गड़बड़ी की गई, शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अजय चंद्राकर ने आर डी तिवारी स्कूल के जर्जर भवन और छत के स्लैब गिरने के मुद्दे से चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने पूछा कि स्मार्ट सिटी से मेंटनेंस में किस नियम के तहत मद का उपयोग किया गया, कौन सी तकनीकी संस्था है जिसने कार्य संपादित किया गया। जवाब में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बाद टीसीआईएल तकनीकी संस्था है उसी के द्वारा प्रशिक्षण कर कार्य किया जा रहा है। मेसर्स शरद शुक्ला के द्वारा काम करवाया गया है।

### बीमार नहीं है देवेंद्र यादव

#### बजट सत्र में अनुपस्थिति पर रिकेश सेन बोले राजनीतिक कार्यक्रमों में हो रहे शामिल



कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव की अनुपस्थिति की सदन में चर्चा का विषय बन गई। देवेंद्र यादव ने अपरिहार्य वजह बताकर सदन में अनुपस्थिति के लिए आवेदन लगाया है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर वे बीमार हैं, तो सदन उनकी चिंता करेगा। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि देवेंद्र यादव के खिलाफ प्रकरण चल रहा है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका रद्द कर दी है. सदन में उनकी अनुपस्थिति की क्या ये वजह है? संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सदन इस बात से चिंतित है कि वह 25 दिन सदन में क्यों उपस्थित नहीं होंगे। हम उनका अपरिहार्य कारण जानना चाहते हैं।भाजपा विधायक रिकेश सेन ने कहा- देवेंद्र यादव राजनीतिक कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं। राहुल गांधी की यात्रा में भी शामिल हो रहे हैं। फिर सदन में उनकी अनुपस्थिति की क्या वजह है? आसंदी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि इस मामले पर अध्यक्ष निर्णय लेंगे।

# निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत अर्जी उच्च न्यायालय ने की खारिज




**बिलासपुर-रायपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में कथित कोल घोटाले के मामले में फंसी निलंबित आईएएस रानू साहू की मुश्किलें खत्म होती नहीं दिख रही है। निचली अदालत में जमानत अर्जी खारिज होने के बाद अब हाईकोर्ट ने भी उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जमानत अर्जी खारिज होने के बाद रानू साहू को अभी फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

ज्ञात हो कि कोल घोटाला मामले में ईडी ने रानू साहू को 22 जुलाई 2023 को गिरफ्तार किया था। मामले को लेकर साल 2022 में आयकर विभाग ने सबसे पहले रानू साहू के शासकीय निवास, घर और दफ्तर में छापा मारा था। जिसके बाद ईडी ने इस मामले में रानू के घर छापा मारते हुए लंबे समय से पूछताछ के लिए बुला रही है। ईडी ने कथित कोल घोटाले को लेकर रानू साहू पर यह आरोप लगया कि निलंबित आईएएस रानू साहू के द्वारा कोरबा कलेक्टर रहते हुए कोल लेवी मामले में संलिप्तता पाई गई थी। बीते सात जनवरी को मामले की सुनवाई के बाद जस्टिस नरेंद्र कुमार व्यास की सिंगल बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा था, जिस पर गुरुवार को आर्डर किया गया है। आईएएस रानू साहू कोल घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। इससे पहले लोअर कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट में पिछली सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने कुछ और तथ्य रखने की बात कही थी।



### 2 आईएएस अफसरों का तबादला किया गया

**रायपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** राज्य शासन ने 2 आईएएस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, 2016 बैच के डॉ संजय कन्नौजे को मुख्य कार्यपालन अधिकारी बालोद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा 2021 बैच के आईएएस लक्ष्मण तिवारी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुकमा बनाया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। जिसका आदेश सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह ने जारी किया है।

# निलंबित आरक्षक भीम सिंह बर्खास्त

#### दुर्ग एसपी ने आदेश के साथ दी यह जानकारी



**रायपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** महादेव ऐप मामले में निलंबित आरोपी आरक्षक भीम सिंह यादव को पुलिस अधीक्षक ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने गुरुवार को जारी बर्खास्तगी आदेश में बाकायदा कार्रवाई के आरक्षक से जुड़े घटनाक्रम का उल्लेख किया है।

पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय, रायपुर ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में थाना सुपेला में पदस्थ आरक्षक भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा ऑनलाइन अवैध सट्टेबाजी वेबसाइट, महादेव ऑनलाइन बुक विरूद्ध के तहत जांच की जा रही है। जांच के दौरान महादेव ऑनलाइन बुक के सट्टेबाजी संचालन में आरक्षक भीमसिंह यादव की संलिप्तता का खुलासा हुआ है।

एसपी ने कहा कि जेल में परिरूद्ध आरक्षक का कृत्य अत्यंत गंभीर प्रकृति का है, इसके साथ ही उन्होंने आरक्षक के इस कृत्य की जांच युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य नहीं है, क्योंकि आरक्षक (हाल निलंबित) का कृत्य मप्र छग पुलिस रेग्यू के प्रावधान के तहत पुलिस पदाधिकारी केवल पुलिस सेवा के लिए अपना पूरा समय लगाएगा। वह किसी भी व्यापार या व्यवसाय में जैसा भी हो,भाग नहीं लेगा, जब तक कि ऐसा करने के लिए स्पष्ट रूप से अनुमति प्राप्त न हो।

जितेंद्र शुक्ला ने कहा कि ऐसी स्थिति में कर्मचारी का पुलिस जैसे अनुशासित विभाग में बना रहना विभाग व जनहित में उचित नहीं मानते हुए गंभीर अपराधिक कृत्य प्रदर्शित करने पर कड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे समाज में विभाग के उच्च स्तरीय मानकों की छवि बरकरार रहने के साथ ही विभागीय व्यवस्था सुदृढ बनी रहे।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले ईडी के अफसरों ने रायपुर और भिलाई से लगभग सात करोड़ रुपए के साथ असीम दास उर्फ बप्पा और आरक्षक भीम सिंह यादव को गिरफ्तार किया था। ईडी ने बीते तीन नवंबर को भिलाई के हाउसिंग बोर्ड निवासी असीम दास उर्फ बप्पा के घर और रायपुर स्थित होटल से लगभग सात करोड़ रुपए नगद जब्त किये थे। इस दौरान 15 करोड़ से अधिक के ऑनलाइन अकाउंट सीज किए गए थे।

ईडी ने आरक्षक भीम यादव और असीम बप्पा को गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में अजय सिंह राजपूत की बेंच में पेश किया। आरक्षक और असीम दास अभी भी न्यायिक हिरासत में हैं। आरक्षक भीम सिंह यादव और उसके दोनों भाई आरक्षक नकुल यादव और सहदेव यादव शुरुआत से ही ऑनलाइन महादेव सट्टा एप में संलिप्त पाई गई थी।

# अपनी पार्टी के नेताओं के साथ पहले करें न्याय




### राहुल गांधी की यात्रा पर छत्तीसगढ़ सीएम ने कसा तंज

**रायपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तंज कसा है। सीएम साय ने गुरुवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर कटाक्ष किया और कहा कि उन्हें पहले अपनी पार्टी के नेताओं के साथ न्याय करना चाहिए। दिल्ली से लौटने के बाद रायपुर के स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए सीएम ने यह भी कहा कि कथित छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) घोटाले के आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा।जब सीएम से गांधी की यात्रा पर एक सवाल किया गया तो जवाब में, सीएम साय ने कहा, ÷आप सभी ने भारत जोड़ो यात्रा का प्रभाव देखा है और अब उन्होंने न्याय यात्रा निकाली है। राज्य विधानसभा चुनावों (छत्तीसगढ़ में) के बाद कई (कांग्रेस) उम्मीदवारों ने पार्टी छोड़ दी। इसलिए उन्हें पहले उनके साथ न्याय करना चाहिए।

# छत्तीसगढ़ में पीएससी फर्जीवाड़ा

#### महाधिवक्ता कार्यालय के अभिमत के बाद शुरू हुई कार्रवाई

**बिलासपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक महत्वपूर्ण गारंटी जल्द ही पूरी होने वाली है। इसकी पृष्ठभूमि महाधिवक्ता कार्यालय ने लिखी है। सीजी पीएससी में फर्जीवाड़ा में बीते दिनो आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू ) ने पूर्व चेयरमैन व सचिव सहित अन्य के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर लिया है। ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के बाद से ही अब तय हो गया है कि राज्य शासन कभी भी इस पूरे प्रकरण को सीबीआइ के हवाले कर सकती है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइंस कालेज मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को खासकर युवाओं को आश्वस्त किया था कि राज्य में सरकार बनते ही युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। सीजीपीएससी फर्जीवाड़े की जांच सीबीआइ से कराने की गारंटी दी थी। उनकी यह गारंटी पूरी होते दिखाई दे रही है। सीबीआइ को प्रकरण सौंपने की दिशा में राज्य सरकार सधे कदमों से कार्रवाई कर रही है। कानूनी दावपेंच में उलझन




ना आए इसे देखते हुए राज्य सरकार ने महाधिवक्ता प्रफुल्ल भारत से इस संबंध में कानूनी राय के साथ ही अभिमत भी मांगा था। जानकारी के अनुसार महाधिवक्ता कार्यालय ने सीबीआइ जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट के साथ ही छत्तीसगढ़ व देश के प्रमुख हाई कोर्ट के फैसले का अध्ययन करने,कानूनी जानकारी जुटाने के बाद राज्य शासन को इस संबंध में अपनी राय दी थी। चर्चा इस बात की भी है कि इस संबंध में सरकार को अपना अभिमत भी दिया था। महाधिवक्ता कार्यालय से मिली कानूनी राय और अभिमत के बाद ही ईओडब्ल्यू की ओर से बड़ा कदम उठाया गया है। सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी सहित प्रमुख अधिकारियों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर बड़ी कार्रवाई का संकेत दिया है साथ ही सीबीआइ को प्रकरण सौंपने की एक बड़ी पृष्ठभूमि भी तैयार कर दी है। कानून के जानकारों का यह भी कहना है कि सीबीआइ जब इस मामले को लेगी और जांच पड़ताल शुरू करेगी तब संबंधितों के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज कराएगी। ईओडब्ल्यू की यह कार्रवाई उनके लिए साक्ष्य और पुख्ता दस्तावेज के रूप में काम आएगा।





### महादेव बेटिंग ऐप मामले में सौरभ के बाद रवि उप्पल पर भी 35000 का इनाम घोषित

**रायपुर,08 फरवरी 2024 (ए)।** दुर्ग पुलिस ने महादेव सट्ट्‌ टा ऐप के प्रमोटर रवि उप्पल पर 35 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। दुर्ग पुलिस ने एक दिन पहले ही सौरभ चंद्राकर पर भी 35 हजार का इनाम घोषित किया था। सौरभ चंद्राकर के साथ मिलकर रवि उप्पल ऑनलाइन सट्टे का कारोबार चला रहा था।

दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि महादेव सट्टा ऐप प्रकरण काफी गंभीर है। इसके मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल फरार हैं। उनके बारे में कोई भी जानकारी जो भी व्यक्ति देगा और उनकी गिरफ्तारी कराएगा उसे घोषित किया गया इनाम दिया जाएगा। इस मामले में आईजी दुर्ग ने रवि उप्पल के ऊपर 25 हजार के इनाम की घोषणा की है। वहीं एसपी दुर्ग ने भी 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है। इस तरह रवि के ऊपर 35 हजार रुपए इनाम घोषित किया गया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)